इस्लाम का इतिहास विश्वासघात और धोखेबाजी से भरा हुआ है। ये सब मुसलमान थे और इसलिए मुहम्मद की जिम्मेदारी थे, लेकिन मुहम्मद इन्हें लूटपाट के लिए दूसरे इलाके में भेजकर अपनी जिम्मेदारी से बच गया। उसने इनको माफ किया और इनकी लूटपाट को वैधता भी प्रदान की। इसके बावजूद आज भी मुसलमान यही कहते हैं कि मक्का वालों ने संधि तोड़ी थी। आगे एक और उदाहरण देखिए:

जब मक्कावासी और दूसरी अरब जनजातियां मुहम्मद के हमलों और हत्याओं से त्रस्त हो गईं तो वे उसे सजा देने के लिए एक साथ आ गए। हालांकि इन्होंने मुहम्मद की तरह नहीं किया, जो न तो अपने इरादे जाहिर होने देता था और बिना चेतावनी दिए शिकार पर घात लगाकर हमला भी बोल देता था। बल्कि इन गैर-मुस्लिमों ने मुहम्मद को जंग के लिए तैयार रहने के लिए कई बार सूचनाएं दीं। इससे मुहम्मद को मदीना के चारों ओर खाई खोदने का पर्याप्त समय मिल गया। गैर मुस्लिम अरब कबीलों की संयुक्त फौज मदीना के बाहर जम गई। यह संयुक्त फौज खाई को पार करने की तरकीब सोच रही थी।

गैर मुस्लिमों की संयुक्त फौज ने बनू कुरैजा कबीले से मदद मांगी। मुहम्मद को इस गठबंधन की जानकारी थी। इसलिए उसने बनू कुरैजा व संयुक्त फौज के अन्य कबीलों के बीच दरार व अविश्वास डालने की तरकीब निकाली। नुऐम नाम का एक व्यक्ति हाल ही मुसलमान बना था, हालांकि उसने अभी तक यह बात दुनिया से छिपाए रखी थी। मुहम्मद ने नुऐम को बुलाकर कहा, 'हमारे बीच तुम्हीं ऐसे व्यक्ति हो, जो उनके बीच जा सकता है। इसलिए जाओ

www.babaisraeli.com

और कर सको तो संयुक्त सेना और बनू कुरैजा कबीले के बीच दरार पैदा करो। जंग में धोखा देना जायज है।' इब्ने-इसहाक ने इस घटना को यूं बताया है:

'नुऐम ने वैसा ही किया, जैसा मुहम्मद ने कहा था। बनू कुरैजा कबीले से उसका अच्छा संबंध था। वह कबीले के लोगों के पास गया और उन्हें अपने संबंधों की दुहाई देते हुए बोला कि उसके दिल में कबीले के लोगों के प्रति बड़ा स्नेह है। जब कबीले के लोगों ने मान लिया कि वे उसकी बात पर संदेह नहीं करते हैं तो वह कहने लगा, कुरैश और ग़तफ़ान तुम लोगों जैसे अच्छे नहीं हैं। यह धरती, यहां की संपत्ति, तुम्हारी औरतें और बच्चे तुम्हारे हैं। तुम ये सब यहीं छोड़कर कहीं और नहीं जा सकते। देखो, कुरैश और ग़तफ़ान लोग मुहम्मद और उनके साथियों से लड़ने आए हैं। तुम लोग उनकी मदद कर रहे हो। उनका यहां क्या है, न तो यहां उनकी जमीन-जायदाद है और न ही औरतें व बच्चे। संभावना दिखेगी तो सबसे अधिक लाभ वहीं लेंगे, पर यदि किस्मत खराब रही तो तुम्हें अकेला छोड़कर वापस चले जाएंगे। पर तुम्हें यहीं रहना है और उनकी मदद करके तुम जीवन भर के लिए अपनी ही भूमि पर इस व्यक्ति (मुहम्मद) की दुश्मनी मोल ले लोगे। यदि तुम्हें अकेले इस व्यक्ति से लड़ना पड़े तो तुम कुछ नहीं कर पाओगे। इसलिए मदद करने से पहले इन कबीलों के मुखियाओं को अपने पास रख लो। इनके मुखिया मुचलके के रूप में तुम्हारे पास रहेंगे तो वे आखिर तक तुम्हारे साथ मुहम्मद से लड़ेंगे।' इन यहूदियों ने कहा कि बहुत अच्छी सलाह है। इसके बाद नुऐम कुरैशों के पास गया और उनके मुखिया अबू सूफियान व उनके साथियों से बोला, 'मैं तुम लोगों का अपना हूं। मुहम्मद का साथ मैंने छोड़ दिया है। मुहम्मद के खेमे में मुझे कुछ ऐसी बात पता चली, जो तुम लोगों को बताना अपना दायित्व समझता हूं और सुनो जो मैं बताने जा रहा हूं, वह बहुत गोपनीय है।' कुरैशों ने कहा, बताओ-बताओ, हम किसी को नहीं बताएंगे तो नुऐम ने कहना शुरू किया। नुऐम ने कहा, 'मेरी बात ध्यान से सुनो। ये यहूदी (बनू कुरैजा) मुहम्मद से भिड़कर पछता रहे हैं। उन्होंने मुहम्मद के पास पैगाम भेजा था और कहा,'क्या हम कुरैश व ग़तफ़ान कबीले के मुखियाओं को पकड़कर तुम्हारे हवाले कर दें, तुम उनका सिर कलम कर देना? फिर हम तुम्हारे साथ मिलकर इन दोनों कबीलों के बाकी लोगों को निपटा देंगे। मुहम्मद ने इन यहूदियों के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। इसलिए यदि यहूदी (बनू कुरैजा) तुमसे तुम्हारे मुखिया को मांगें तो उनके पास मत भेजना।'

फिर नुऐम ग़तफ़ान कबीले के लोगों के पास गया और बोला, 'तुम लोग मेरा परिवार हो, मेरे दिल के बहुत करीब हो। मुझे नहीं लगता कि तुम सब मुझ पर संदेह करोगे।' इन लोगों ने कहा कि नहीं, वे उस पर बिलकुल संदेह नहीं करते। इसके बाद उसने इस कबीले के लोगों के सामने भी वही कहानी दोहराई, जो उसने कुरैशों को कही थी।[84]

मुहम्मद की यह तरकीब काम कर गई। जब गठबंधन के कबीलों ने यहूदी बनू कुरैजा से हमले में शामिल होने को कहा तो उन्होंने कुछ बहाना बनाते हुए इन कबीलों के कुछ व्यक्तियों को अपने पास बंधक के रूप में रखने की शर्त रख दी। इससे गठबंधन सेना वाले कबीलों के मन में बैठ गया कि नुऐम ने जो कहा है, वह सही है। गठबंधन सेना का मनोबल टूट गया और वो बिना लड़े वापस चले गए।

इस धोखे ने मुसलमानों को सुनिश्चित हार से बचा लिया। यह घटना मुसलमानों को एक सबक दे गई और तबसे मुसलमान जहां भी जिहाद करते हैं, वहां छल-कपट और धोखेबाजी को एक रणनीति के रूप में अपनाते हैं। एक हदीस में लिखा है:

हज्जाज बिन अलात ने बताया: 'ऐ, अल्लाह के रसूल: मुझे गुस्ताखी के लिए माफ कीजिए, पर मक्का में मेरा काफी धन और रिश्तेदार हैं। यदि उन सबको वापस पाने के लिए उनके सामने मुझे (मक्का के उन गैरमुस्लिमों को

बेवकूफ बनाने के लिए) आपके लिए गलत शब्दों का इस्तेमाल करना पड़े तो क्या मुझे माफी मिलेगी?' रसूल ने उसे माफ करते हुए कहा: 'वहां तुम्हें जो भी कहना है, वो कह देना।'[86]

यही वजह है कि पक्के मुसलमान जब पश्चिमी देशों में जाते हैं तो बहुत उदारवादी बनने का नाटक करते हैं। ये मुसलमान वही बोलते हैं, जो वहां के लोग सुनना पसंद करते हैं, लेकिन भीतर ही भीतर ये इन देशों के मूल निवासियों को नष्ट करने की साजिश रचते रहते हैं। ये मुसलमान खुद को बहुत मित्रवत और मिलनसार दिखाने की कोशिश करते हैं और ऐसा दिखाते हैं, मानो बहुत बड़े देशभक्त हों। हालांकि उनका एकमात्र उद्देश्य उस क्षेत्र में इस्लाम का प्रभुत्व स्थापित करना होता है। वे बातों से आपका दिल जीतने की कोशिश करते हैं, पर मन से आपके साथ कभी नहीं होते।

इस्लाम को आगे बढ़ाने के लिए झूठ-कपट, छल-प्रपंच को एक रणनीति के रूप में अपनाना तक़िय्या अथवा 'पवित्र छल' कहा जाता है। तक़िय्या के तहत मुसलमानों को गैर-मुस्लिमों की आंखों में धूल झोंकने के लिए झूठ बोलने की इजाजत होती है।

तक़िय्या में उस्ताद मुसलमानों के लिए इसका प्रमुख उद्देश्य इस्लाम के खतरे पर यथासंभव पर्दा डालना होता है। तक़िय्या का लक्ष्य होता है कि संभावित शिकार के दिमाग में कामयाब तरीके से यह डाला जा सके कि जिहाद उनके साथ नहीं किया जायेगा कि उनके लिए जिहाद नहीं है।

असलान ने अपनी पुस्तक 'नो गॉड बट गॉड' में छल-कपट के इसी इस्लामिक कला का प्रदर्शन करते हुए यह साबित करने की कोशिश की है कि 'दुनिया में जो हिंसक संघर्ष हो रहा है, वह मुसलमानों के भीतर के आपसी टकराव का नतीजा है, न कि इस्लाम और पश्चिम के बीच का बाह्य संघर्ष।' असलान आगे लिखते हैं: 'पश्चिमी जगत तो केवल तमाशबीन है। यह संघर्ष तो इस्लामी दुनिया के भीतर के लोगों का है, जो इस बात के लिए लड़ रहे हैं कि इस्लामी इतिहास के नए अध्याय का नायक कौन बनेगा। हालांकि इस्लामी दुनिया इस आपसी संघर्ष से खुद बेखबर है, पर इनकी आपसी शत्रुता में अनैतिक हानि हो रही है।'[87]

पर असलान जो कह रहे हैं, वह सच नहीं है। असलान की मानें तो ऐसा लगता है कि हमने न्यूयार्क, पेंटागन, लंदन, मैड्रिड और बेसलान मुसलमानों की आपसी गोलीबारी के बीच ही खड़ा कर लिया है। दरअस्ल, असलान साहब भी इस्लामिक छल-कपट और धोखेबाजी के निर्ल्लज तरीके को अपनाकर दुनिया को गुमराह करने की कोशिश करते रहे हैं। विडम्बना देखिए, सीएनएन के एंडरसन कूपर ने पोप के तुर्की दौरे पर राय देने के लिए तक़िय्या करने वाले इसी शख्स असलान को बुलाया, मानो ये निष्पक्ष विचार वाला व्यक्ति है।

तक़िय्या का एक और हास्यास्प्रद रूप देखिए। मुसलमान पश्चिमी महिलाओं को जाल में फांसने के लिए अक्सर झूठ बोलते हैं: 'इस्लाम में महिलाओं को रानी की तरह रखा जाता है।' जबकि हकीकत यह है कि इस्लामी देशों में औरत को कम-अक्ल कहा जाता है, मारा-पीटा जाता है, पत्थर मार-मार कर हत्या कर दी जाती है और झूठे सम्मान के नाम पर कत्ल कर दिया जाता है। क्या महारानी के साथ ऐसा किया जाता है? मैं तो अभी भी उस देश को ढूंढ रहा हूं, जहां की रानी बुद्धि में कम बताई जाती हो, पत्थरों से मारी जाती हो, कत्ल की जाती हो, 'इज्जत' के नाम पर मार दी जाती हो। अभी तक एक भी इस्लामी देश नहीं मिला, जहां औरत को बराबरी और सम्मान का दर्जा दिया जाता हो।

इमाम गजाली (1058-1111) जो कि इस्लाम के बड़े विद्वान माने जाते हैं, हमेशा कहते रहे हैं:

उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए भाषा एक साधन है। यदि कोई अच्छा मकसद ऐसा है कि उसे झूठ बोलकर और सत्य बोलकर दोनों तरीके से प्राप्त किया जा सकता है तो यहां झूठ बोलना अनैतिक है। क्योंकि इसकी आवश्यकता

ही नहीं थी। लेकिन जब कोई मकसद ऐसा हो जो सत्य बोलने से नहीं, बल्कि केवल झूठ बोलने से हासिल किया जा सकता है तो झूठ बोलने की इजाजत है, बशर्ते कि जो लक्ष्य है वह हलाल हो।[88]

यह बताने की जरूरत है ही नहीं कि मुसलमान के लिए इस्लाम को बढ़ावा देने से बड़ा कोई लक्ष्य नहीं होता है। जब कोई मुसलमान आपसे मुस्कुराकर कहे कि वह आपके देश को बहुत प्यार करता है और आपको दोस्त समझता है तो आप निम्नलिखित हदीस को जरूर याद करिए:

'अस्ल में जब हम (मुसलमान) गैर मजहब वालों के लिए चेहरे पर मुस्कुराहट रखें तो उसी समय मन में उन्हें कोसें और बददुआएं दें, क्योंकि वे मुसलमान नहीं हैं।'[89]

---

6 Qur'an Sura 93: Verses 3-8 (Translations of the Qur'an in this book are either by Yusuf Ali or by Shakir.) My work is not about the sacred scriptures of Islam, but it is based directly on them. The passages I cite are taken from the Qur'an and the Hadith. The Qur'an purports to be not the work of any human, but the very words of Allâh himself, from beginning to end. The Ahadith (plural for Hadith) are short, collected anecdotes and sayings about Muhammad regarded by Muslims as essential to the understanding and practice of their religion. It is not necessary for me, in this book, to discuss the innumerable questions raised by the Qur'an and the Hadith, their translation into other languages, or the disputes over subtle nuances in those texts. For purposes of this book, the passages I cite will mostly speak for themselves.I have taken them from widely accepted sources.

7 Muhammad had four daughters and two sons. His male children, Qasim and Abd al Menaf (named after deity Menaf) died in infancy. His daughters reached adulthood and married, but they all died young. The youngest daughter, Fatima, was survived by two sons. She outlived Muhammad by only six months.

8 Studies have shown that the newborns of the mothers with prepartum and postpartum depressive symptoms had elevated cortisol and norepinephrine levels, lower dopamine levels, and greater relative right frontal EEG asymmetry. The infants in the prepartum group also showed greater relative right frontal EEG asymmetry and higher norepinephrine levels. These data suggest that effects on newborn physiology depend more on prepartum than postpartum maternal depression but may also depend on the duration of the depressive symptoms. ncbi.nlm.nih.gov

9 www.health.harvard.edu/newsweek/Depression_during_pregnancy_and_after_0405.htm

10 Sirat Ibn Ishaq, page 72: Ibn Ishaq (pronounced Is-haq, Arabic for Isaac) was a Muslim historian, born in Medina approximately 85 years after Hijra (704. died 768). (Hijra is Muhammad's immigration to Medina and the beginning of the Islamic calendar), He was the first biographer of Muhammad and his war expeditions. His collection of stories about Muhammad was called "Sirat al-Nabi" ("Life of the Prophet"). That book is lost. However, a systematic presentation of Ibn Ishaq's material with a commentary by Ibn Hisham (d. 834) in the form of a recension is available and translated into English. Ibn Hisham, admitted that he has deliberately omitted some of the stories that were embarrassing to Muslims. Part of those embarrassing stories were salvaged by Tabari, (838–923) one of the most prominent and famous Persian historians and a commentator of the Qur'an.

11 W. Montgomery Watt: Translation of Ibn Ishaq's biography of Muhammad (p. 36)

12 Tabaqat Ibn Sa'd p. 21 . Ibn Sa'd (784-845) was a historian, student of al Waqidi. He classified his story in eight categories, hence the name Tabaqat (categories). The first is on the life of Muhammad (Vol. 1), then his wars (Vol. 2), his companions of Mecca (Vol. 3), his companions of Medina (Vol. 4), his grand children, Hassan and Hussein and other prominent Muslims (Vol. 5), the followers and the companions of Muhammad (Vol. 6), his later important followers (Vol. 7) and some early Muslim women (Vol. 8). The quotes from Tabaqat used in this book are taken from the Persian translation by Dr. Mahmood Mahdavi Damghani. Publisher Entesharat-e Farhang va Andisheh. Tehran, 1382 solar hijra (2003 A.D.).

13 Tabaqat Volume 1, page 107

14 The Life of Muhammad by Sir. William Muir [Smith, Elder, & Co., London, 1861] Volume II Ch. 1. P. XXVIII

15 Katib al Waqidi, p. 22

16 Tabaqat Vol I. P 108,

17 The Life of Muhammad by Sir. William Muir Vol. II Ch. 1. P. XXXIII

18 Sirat, Ibn Ishaq page. 195

19 Life of Muhammad, Muir Vol 2 p.195
20 Bukhari Volume 5, Book 58, Number 224:
21 Abu Abdullah Muhammad Bukhari (c. 810-870) was a collector of hadith also known as the sunnah, (collection of sayings and deeds of Muhammad). His book of hadith is considered second to none. He spent sixteen years compiling it, and ended up with 2,602 hadith (9,082 with repetition). His criteria for acceptance into the collection were amongst the most stringent of all the scholars of ahadith and that is why his book is called Sahih (correct, authentic). There are other scholars, such as Abul Husain Muslim and Abu Dawood who worked as Bukhari did and collected other authentic reports. Sahih Bukhari, Sahih Muslim and Sunnan Abu Dawood are recognized by the majority of Muslims, particularly Sunnis, as complementing the Qur'an.
22 Bukhari: Volume 4, Book 56, Number 762:
23 Tabaqat Volume I, page 191
24 Qur'an, 53:19-22
25 Sahih Bukhari Volume 5, Book 58, Number 207
26 Al-Dalaa'il, 2/282
27 Sir William Muir: The Biography of Mahomet, and Rise 0f Islam. Chapter IV page 126
28 http://www.usc.edu/dept/MSA/quran/maududi/mau109.html
29 Qur'an, 4:97: “When angels take the souls of those who die in sin against their souls, they say: 'In what (plight) were ye?' They reply: 'Weak and oppressed were we in the earth.' They say: 'Was not the earth of Allâh spacious enough for you to move yourselves away?' Such men will find their abode in Hell, - What an evil refuge!”
30 Sir William Muir, Life of Muhammad, Vol. 2, chap. 5,. p. 162.
31 A collection of poems in many volumes compiled by Abu al-Faraj Ali of Esfahan. It contains poems from the oldest epoch of Arabic literature down to the 9th cent. It is an important source of information on medieval Islamic society.
32 Sirat Ibn Ishaq, P.197
33 Jalal al-Din al-Suyuti says: “A group of people from Mecca accepted Islam and professed their belief; as a result, the companions in Mecca wrote to them requesting that they emigrate too; for if they don't do so, they shall not be considered as those who are among the believers. In compliance, the group left, but were soon ambushed by the nonbelievers (Quraish) before reaching their destination; they were coerced into disbelief, and they professed it.” [Jalal al-Din al-Suyuti "al-Durr al-Manthoor Fi al- Tafsir al-Ma-athoor," vol.2, p178;]
Suyuti writes that in one hadith Allâh's Apostle said, "There is no Hijra (i.e. migration) (from Mecca to Medina) after the Conquest (of Mecca), but Jihad and good intention remain; and if you are called (by the Muslim ruler) for fighting, go forth immediately.”
This shows that prior to the conquest of Mecca, emigration from that town was one of the requisites for Muslims. This is additional evidence of the fact that Muslims were coerced by Muhammad to abandon their homes, while their families did everything they could to keep their loved ones from following this man.
Jalal al-Din al-Misri al-Suyuti al-Shafi`i al-Ash`ari, also known as Ibn al-Asyuti (849-911) was the mujtahid imam and renewer of the tenth Islamic century. He was a hadith master, jurist, Sufi, philologist, and historian. He authored works in virtually every Islamic science.
34 http://www.youtube.com/watch?v=BJLsdydjSPo
35 Daily Muslims, July 12, 2006
36 Qur'an, 8:69. See also Qur'an, 8:74: “Those who believe, and adopt exile, and fight for the Faith, in the cause of Allâh as well as those who give (them) asylum and aid, - these are (all) in very truth the Believers: for them is the forgiveness of sins and a provision most generous.” One who is not familiar with Muhammad's style of writing (actually, of reciting, as he was illiterate) may wonder how the order to loot people can be reconciled with the command to fear Allâh. However, those who read the Qur'an in Arabic notice that the verses rhyme, and Muhammad often added words or phrases that are out of place, such as 'fear Allâh,' 'Allâh is most merciful,' 'He is all knowing, all wise,' etc., just to make his verses rhyme. Otherwise, it is inconceivable to fear the wrath of God and at the same time pillage and murder innocent people. By doing so—by associating God with looting, genocide and rape—Muhammad lowered the moral standards of his followers and sanctified evil. Thus pillage became holy pillage, killing became holy killing, and iniquity was sanctioned and even glorified. He assured his men that those who fight for their Faith would be rewarded, not only with the spoils of war but with forgiveness for their sins.
37 Malfuzat-i Timuri, or Tuzak-i Timuri, by Amir Tîmûr-i-lang In the History of India as told by its own historians. The Posthumous Papers of the Late Sir H. M. Elliot. John Dowson, ed. 1st ed. 1867. 2nd ed., Calcutta: Susil Gupta, 1956, vol. 2, pp. 8-98.
38 Qur'an, Chapter 47, Verse 38: “Behold, ye are those invited to spend (of your substance) in the Way of Allâh: But among you are some that are niggardly. But any who are niggardly are so at the expense of their own souls. But Allâh is free of all wants, and it is ye that are needy. If ye turn back (from the Path), He will substitute in your stead another people; then they would not be like you!”
39 See also Chapter 63, Verse 10.
40 An affidavit made public in federal court in Virginia in August 19, 2003, contends that the Muslim charities gave $3.7 million to BMI Inc., a private Islamic investment company in New Jersey that may have passed the money to terrorist groups. The money was part of a $10 million endowment from unnamed donors in Jiddah, Saudi Arabia.

http://pewforum.org/news/display.php?NewsID=2563
Also on July 27, 2004, the U.S. Justice Department unsealed the indictment of the nation's largest Muslim charity and seven of its top officials on charges of funneling $12.4 million over six years to individuals and groups associated with the Islamic Resistance Movement, or Hamas, the Palestinian group that the U.S. government considers to be a terrorist organization. http://www.washingtonpost.com/wp-dyn/articles/A18257-2004Jul27.html

41 See also Qur'an, 8:72, "Those who believed and those who suffered exile and fought (and strove and struggled) in the path of Allâh, - they have the hope of the Mercy of Allâh: And Allâh is Oft-forgiving, Most Merciful." and Qur'an Chapter 8, Verse 74: "Those who believe, and adopt exile, and fight for the Faith, in the cause of Allâh as well as those who give (them) asylum and aid, - these are (all) in very truth the Believers: for them is the forgiveness of sins and a provision most generous."

42 http://metimes.com/articles/normal.php?StoryID=20060918-110403-1970r

43 Ibid.

44 http://www.faithfreedom.org/debates/Ghamidip18.htm

45 Tabaqat, Vol. 2, pp. 1-2.

46 Sahih Bukhari Volume 5, Book 59, Number 702:

47 William Muir, Life of Muhammad Volume II, Chapter 2, Page 6.

48 Sahih Bukhari, Vol. 3. Book 46, Number 717

49 Ibid.

50 Sahih Muslim Book 019, Number 4321, 4322 and 4323:

51 Sahih Muslim Book 019, Number 4292:

52 http://66.34.76.88/alsalafiyat/juwairiyah.htm

53 Aisha has narrated that Sauda gave up her (turn) day and night to her in order to seek the pleasure of Allâh's Apostle (by that action). [Bukhari Volume 3, Book 47, Number 766]

54 Muhammad ibn Jarir al-Tabari (838–923) was one of the earliest, most prominent and famous Persian historians and exegetes of the Qur'an, most famous for his Tarikh al-Tabari and Tafsir al-Tabari.

55 Persian Tabari, Vol. IV, page 1298.

56 Bukhari Volume 3, Book 34, Number 310:

57 Bukhari, Volume 5, Book59, Number 459. Many other canonical hadiths recount how Muhammad approved intercourse with slave women, but said coitus interruptus was unnecessary because if Allâh willed someone to be born, that soul would be born regardless of coitus interruptus. See the following: Bukhari 3.34.432: "Narrated Abu Saeed Al-Khudri: that while he was sitting with Allâh's Apostle he said, 'O Allâh's Apostle! We get female captives as our share of booty, and we are interested in their prices, what is your opinion about coitus interruptus?' The Prophet said, 'Do you really do that? It is better for you not to do it. No soul that which Allâh has destined to exist, but will surely come into existence.'" Sahih Muslim is another source considered factual and accurate by virtually all Muslims. Here is Sahih Muslim 8.3381: "Allâh's Messenger (may peace be upon him) was asked about 'azl, (coitus interruptus) whereupon he said: The child does not come from all the liquid (semen) and when Allâh intends to create anything nothing can prevent it (from coming into existence)." Muslims also consider Abu Dawood highly accurate and factual. Here is Abu Dawood, 29.29.32.100: "Yahya related to me from Malik from Humayd ibn Qays al-Makki that a man called Dhafif said that Ibn Abbas was asked about coitus interruptus. He called a slave-girl of his and said, 'Tell them.' She was embarrassed. He said, 'It is alright, and I do it myself.' Malik said, 'A man does not practise coitus interruptus with a free woman unless she gives her permission. There is no harm in practicing coitus interruptus with a slave-girl without her permission. Someone who has someone else's slave-girl as a wife does not practice coitus interruptus with her unless her people give him permission.'" See also Bukhari 3.46.718, 5.59.459, 7.62.135, 7.62.136, 7.62.137, 8.77.600, 9.93.506 Sahih Muslim 8.3383, 8.3388, 8.3376, 8.3377, and several more.

58 Qur'an, 4:24: "Also (prohibited are) women already married, except those whom your right hands possess: Thus hath Allâh ordained (Prohibitions) against you." Qur'an, 33:50): "O Prophet! We have made lawful to thee thy wives to whom thou hast paid their dowers; and those whom thy right hand possesses out of the prisoners of war whom Allâh has assigned to thee."
Qur'an, 4:3: "If ye fear that ye shall not be able to deal justly with the orphans, marry women of your choice, two or three or four; but if ye fear that ye shall not be able to deal justly (with them), then only one, or (a captive) that your right hands possess, that will be more suitable, to prevent you from doing injustice."

59 Sirat Rasul Allâh, p. 515.

60 Sahih Bukhari, 1.8.367
In this hadith the commentator narrates how they [the Muslims] raided the city of Khaibar, during the dawn taking the population off guard. "Yakhrab Khaibar" (Khaibar is ruined) exclaimed Muhammad, as he passed from one stronghold triumphantly to another: "Great is Allâh! Truly when I light upon the coasts of any people, wretched for them is that day! After the conquest of the town, it came time to share the booty. Dihya, one of the warriors, received Safiya as his share. Safiya's father who was the chief of the Bani Nadir had been beheaded by the order of Muhammad three years earlier. After the conquest of Khaibar, her young husband Qinana was tortured and murdered by his order too. Someone informed Muhammad that the seventeen year old Safiya was very beautiful. So Muhammad offered Dihya two girls, the cousins of Safiya, in exchange and got Safiya for himself.

61 Bukhari Volume 4, Book 52, Number 261:
62 Bukhari, 5.59.369
63 The Kitab al Tabaqat al kabir, Vol. 2, p 31
64 From pp. 675-676 of The Life of Muhammad , which is A. Guilaume's translation of Sirat Rasul Allâh.
65 Ibid.
66 Ibn Sa'd narrates another version of this story: "Bint Marwan, of Banu Umayyah ibn Zayd, when five nights had remained from the month of Ramadan, in the beginning of the nineteenth month from the hijrah of the apostle of Allâh. `Asma' was the wife of Yazid ibn Zayd ibn Hisn al-Khatmi. She used to revile Islam, offend the prophet and instigate the (people) against him. She composed verses. Umayr Ibn Adi came to her in the night and entered her house. Her children were sleeping around her. There was one whom she was suckling. He searched her with his hand because he was blind, and separated the child from her. He thrust his sword in her chest till it pierced up to her back. Then he offered the morning prayers with the prophet at al-Medina. The apostle of Allâh said to him: 'Have you slain the daughter of Marwan?' He said: 'Yes. Is there something more for me to do?' He [Muhammad] said: 'No. Two goats will not butt together about her.' This was the word that was first heard from the apostle of Allâh. The apostle of Allâh called him `Umayr, 'basir' (the seeing)." -- Ibn Sa`d's in Kitab al-Tabaqat al-Kabir, translated by S. Moinul Haq, Vol. 2, p.24.
67 Qur'an 3:151 "Soon shall We cast terror into the hearts of the Unbelievers, for that they joined companions with Allâh, for which He had sent no authority: their abode will be the Fire: And evil is the home of the wrong-doers!
68 Bukhari, 4.52.220.
69 From the Journal of the Royal Asiatic Society of Great Britain and Ireland, (1976), pp. 100-107 By W. N. Arafat
70 Quran, 2:65, 5:60, 7:166
71 Ibn Ishaq Sirat, p. 363
72 Ibid.
73 AR-Raheeq Al-Makhtum by Saifur Rahman al-Mubarakpuri http://islamweb.islam.gov.qa/english/sira/raheek/PAGE-26.HTM
74 http://www.islamicity.com/mosque/quran/maududi/mau59.html
75 Ibn Ishaq irat, p. 438
76 AR-RaheeQ Al-Makhtum (THE SEALED NECTAR)- Memoirs of the Noble Prophet Saifur Rahman al-Mubarakpuri - Jamia Salafia – India http://www.al-sunnah.com/nektar/11.htm
77 Ibid. www.al-sunnah.com/nektar/12.htm
78 Ibid.
79 Ayatollah Khomeini: A speech delivered on the commemoration of the Birth of Muhammad, in 1981.
80 Bukhari, Volume 4, Book 52, Number 280:
81 Sunan Abu-Dawud Book 38, Number 4390. Sunan Abu-Dawud is another collection of hadith regarded to be sahih.
82 Bukhari Volume 4, Book 52, Number 288
83 Bukhari Volume 4, Book 52, Number 176
84 This story is reported by Tabari, Vol 3, Page 1126
85 Ibn Ishaq, Sirat, Battle of Trench
86 Sirah al-Halabiyyah, v3, p61,
87 www.nytimes.com/2005/05/04/books/04grim.html?_r=1&ex=1115784000&en=7961034fe8ef2 0c0&ei=5070&oref=slogin
88 [Ahmad Ibn Naqib al-Misri, The Reliance of the Traveller, translated by Nuh Ha Mim Keller, Amana publications, 1997, section r8.2, page 745].
89 Sahih al-Bukhari, v.7, p102

अध्याय
2

# मुहम्मद का व्यक्तित्व वृत्त

मुहम्मद के बारे में हजारों की संख्या में छोटे-छोटे किस्से हैं। इनमें से अधिकांश किस्से मनगढ़ंत और झूठ पर आधारित हैं और बहुत सारे किस्से कमजोर व संदेहास्पद। हालांकि कुछ किस्से सही (प्रामाणिक) हदीस (मौखिक रिवायत) माने जाते हैं। सही हदीस पढ़ने पर मुहम्मद के बारे में ठोस तस्वीर सामने आती है, जिससे मुहम्मद के चरित्र और मनोवैज्ञानिक पहलू को समझा जा सकता है।

इससे मुहम्मद का चित्र एक नार्सिसिस्ट (आत्मकेंद्रित अहंकारी यानी स्वार्थी चरित्र) का उभरकर आता है। इस अध्याय में मैं नार्सिसिज्म पर प्रामाणिक स्रोतों के माध्यम से प्रकाश डालूंगा और फिर दिखाने का प्रयास करूंगा कि किस तरह मुहम्मद पर यह चरित्र सटीक बैठता है।

इस विषय पर विद्वानों और अनुसंधानकर्ताओं ने बहुत कम काम किया है। क्योंकि मुसलमान कुरान और मुहम्मद के जीवन के बारे में अनुसंधान करने की अनुमति न स्वयं को देते हैं और न दूसरों को। हालांकि उसके बारे में जो भी लिखा गया है, वो न केवल नार्सिसिज्म की परिभाषा से मिलता है, बल्कि आज मुसलमान दुनियाभर में जो विचित्र कार्य और आचरण कर रहे हैं, उसमें भी इसे देखा जा सकता है। इस तरह किसी व्यक्ति की व्यक्तित्व विकृति उसके अनुयायियों में विरासत के रूप में इस तरह समा गई है कि इस व्यक्ति का पागलपन करोड़ों अनुयायियों में न केवल फैल रहा है, बल्कि उसकी तरह इन्हें भी स्वकेंद्रित, विवेकहीन और खतरनाक बना रहा है।

मुहम्मद के मनोविज्ञान, उसके चरित्र के मूल तत्व क्रूरता और स्थितिजन्य नीति को समझकर जानने का प्रयास करते हैं कि मुसलमान इतने असहिष्णु, हिंसक और पागल क्यों हैं ? वे हमलावर और अत्याचारी होते हुए भी वे खुद को पीड़ित के रूप में क्यों देखते हैं ?

## नार्सिसिज्म क्या है ?

द डायग्नोस्टिक एंड स्टेटिस्टिकल मैनुअल आफ मेंटल डिस्ऑर्डर (डीएसएम) 'नार्सिसिज्म को ऐसी व्यक्तित्व विकृति के रूप में परिभाषित करता है, जो एक प्रकार के आडम्बर, प्रशंसा की भूख और अधिकार के भाव के आसपास घूमता है। इससे पीड़ित मनुष्य अक्सर स्वयं को आवश्यकता से अधिक महत्वपूर्ण समझता है और अपनी उपलब्धियों को बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत करता है, अक्सर कोई न कोई फरमाइश करता है, किसी लायक न होने पर भी अपनी प्रशंसा व सराहना चाहता है।'[90]

डायग्नोस्टिक एंड स्टेटिस्टिकल मैनुअल (डीएसएम) के तीसरे (1980) और चौथे संस्करण (1994) और यूरोपियन आईसीडी-1091 में इस समस्या को इसी तरह परिभाषित किया गया है:

आडम्बर (कल्पना या व्यवहार में) का व्याप्त प्रारूप, आत्मश्लाघा अथवा चापलूसी की आवश्यकता और समानुभूति का अभाव, सामान्यत: वयस्कता की अवस्था आने की शुरुआती समय में और विभिन्न परिस्थितियों में उपस्थित रहने में। निम्नलिखित में से पांच (या अधिक) कसौटी पर आवश्यक परखें:



www.babaisraeli.com

महान महसूस करता है और स्वयं को महत्वपूर्ण समझता है (उदाहरण के लिए, अपनी उपलब्धियों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करता है, झूठ को भी सच की तरह पेश करने में माहिर है, आनुपातिक उपलब्धि के बिना भी स्वयं को उत्कृष्ट के रूप में मान्यता चाहता है)

असीमित सफलता, नाम, रौब या सबसे ताकतवर होने, अतुलनीय बुद्धिमत्ता (प्रमस्तिष्कीय नार्सिसिस्ट), शारीरिक सौष्ठव या काम क्षमता (दैहिक नार्सिसिस्ट), आदर्श, चिरस्थायी, सबका हृदय जीतने वाले प्यार या करुणा की कल्पना में खोया रहता है।

आश्वस्त रहता है कि वह विशिष्ट है और ऊंचे दर्जे के विशिष्ट व अद्वितीय लोग (संस्थाएं) ही उसकी विशिष्टता समझ सकते हैं, केवल ऐसे ही लोगों से उसका संबंध होना चाहिए, केवल ऐसे ही लोगों से उसे जुड़ना चाहिए।

आवश्यकता से अधिक सराहना, चाटुकारिता, प्रमुखता और रौब चाहता है। ये सब नहीं मिलने पर दूसरों में भय उत्पन्न करना और कुख्यात होना चाहता है। (नार्सिस्टिक सप्लाई)।

अधिकारसम्पन्न समझता है। अपने साथ विशेष, अनुकूल वरीयता का व्यवहार चाहता है। अपनी अपेक्षाओं को स्वत: एवं शतप्रतिशत पूरा करने की मांग करता है।

पारस्परिक संबंधों में शोषक होता है। इसका अर्थ है, अपने काम दूसरों से कराना चाहता है।

समानुभूति का अभाव। दूसरों की भावनाओं व जरूरतों को महसूस करने की क्षमता का अभाव होना।

दूसरों से द्वेष रखता है और समझता है कि दूसरे लोग उससे ईर्ष्या करते हैं।

घमंडी होता है, अहंकारपूर्ण व्यवहार करता है। हताशा-निराशा की स्थिति में, या दूसरों द्वारा उसकी बात काटने पर अथवा चुनौती मिलने पर गुस्से क्रोध में आ जाता है।[92]

मुहम्मद में ये सभी लक्षण थे। अपने विचारों के अतिरिक्त वह अल्लाह का चापलूस पैगम्बर था और पैगम्बरों का प्रतीक चिह्न (seal) था। (कुरान.33:40) जिसका मतलब हुआ कि मुहम्मद के बाद अल्लाह किसी और को पैगम्बर नहीं बनाएगा। मुहम्मद स्वयं को खैर-उल-खल्क (ब्रह्मांड में सर्वोत्तम), 'उत्कृष्ट मिसाल' मानता था। (कुरान.33:21)। वह स्पष्ट रूप से कहता है कि उसका दर्जा अन्य पैगम्बरों से ऊंचा है। (कुरान:2:253)। उसने स्वयं के 'वरीय' होने (कुरान:17:55) और 'दुनिया के लिए रहमत' (कुरान:21:107) के रूप में भेजे जाने का दावा किया। उसने दावा किया कि उसे 'प्रशस्त चौकी' पर जगह दी गई है और किसी अन्य को यह स्थान नहीं मिलेगा: अल्लाह के सिंहासन के बगल में दाहिनी ओर स्थित यह 'मध्यस्थ' की चौकी है। (कुरान.17:79)। अन्य शब्दों में वह ऐसा व्यक्ति होगा, जो अल्लाह को सलाह देगा कि किसे जन्नत और किसे जहन्नुम भेजना है। अपने इस ऊंचे स्थान को लेकर मुहम्मद के कुछ ऐसे अहंकारोन्मादी दावे हैं, जो कुरान में दिए गए हैं।

नीचे लिखी दो आयतें मुहम्मद द्वारा केवल खुद को महत्व देने और आडम्बर को बयान करती हैं:

इसमें भी शक नहीं कि अल्लाह और उसके फरिश्ते पैगम्बर (मुहम्मद) पर दुआएं व रहमत (हमेशा) भेजते हैं। ऐ ईमानवालो! तुम भी पैगम्बर के गुणगान करो और दुआएं दो। (कुरान. 33:56)

(मुसलमानो)! तुम लोग अल्लाह और उसके रसूल (मुहम्मद) पर ईमान लाओ और उसकी मदद करो और उसको बड़ा समझो और सुबह और शाम उसी की तस्बीह करो (कुरान. 48:9)।

मुहम्मद अपने आप पर इतना आत्ममुग्ध था कि उसने अपनी कठपुतली अल्लाह के मुंह से कहलवाया:

बेशक रसूल, तुम्हारे अख्लाक़ (चरित्र) बड़े आला दर्जे के हैं। (कुरान. 68:4)

तुम्हें (ईमान व हिदायत का) रौशन चिराग़ बनाकर भेजा है। (कुरान. 33:46)

इब्ने-साद मुहम्मद के हवाले से कहता है:

अल्लाह ने दुनियाभर में अरब को चुना। अरबियों में उसने किनाना को चुना। किनाना में से भी कुरैश कबीले (मुहम्मद की जनजाति) को चुना। कुरैशों में से बनी हाशिम कुनबे को चुना और इस कुनबे से मुझे चुना।[93]

नीचे हदीसों में मुहम्मद द्वारा अपने बारे में किए गए कुछ दावे दिए गए हैं:

– अल्लाह ने कायनात में जो चीज सबसे पहले रची, वह थी मेरी रूह।[94]

– अल्लाह की बनाई हुई सभी चीजों में पहली चीज थी मेरा दिमाग।[95]

– मैं अल्लाह से हूं और मुसलमान मुझसे हैं।[96]

– जिस तरह अल्लाह ने मुझे महान बनाया, उसी तरह उसने मुझे अख्लाक़ बख्शा।[97]

– ओ मुहम्मद, यदि यह दुनिया तुम्हारे लिए न होती तो मैं कायनात नहीं बनाता।[98]

जरा मुहम्मद के इन शब्दों को जीसस द्वारा कही गई बातों से तुलना कीजिए। किसी ने जीसस को 'श्रेष्ठ स्वामी' कहकर पुकारा तो वे बोले, 'तुमने मुझे श्रेष्ठ क्यों कहा? ईश्वर के अलावा कोई और श्रेष्ठ नहीं है।'[99] एक मनोविकृत नार्सिसिस्ट ही वास्तविकता से दूर होकर यह दावा कर सकता है कि ब्रह्मांड उसके कारण बनाया गया है।

नार्सिसिस्ट जब भी अपने बारे में डींगें हांकता है तो वह विशिष्ट रूप से विनम्र होने का ढोंग करता है। अबू सईद अल-खुद्री ने लिखा है कि रसूल बोले: 'मैं सम्पूर्ण मानव का नेता हूं और यह मैं बिना किसी गुरूर के कह रहा हूं।'

अल-तिरमिजी बताता है:

'रसूल ने कहा: 'मैंने तुम्हारी बातें सुनीं और तुमने जो भी कहा, वो सच है। मैं खुद अल्लाह का प्यारा (हबीबुल्लाह) हूं और इस बात को कहने में मुझे कोई गुरूर नहीं है। कयामत के दिन मैं यशपताका (लिवा उल-हम्द) लेकर आगे चलूंगा। मैं पहली इबादत करने वाला हूं और पहला ऐसा इंसान हूं, जिसकी इबादत अल्लाह ने कबूल की है। मैं ही वह पहला इंसान हूं, जो जन्नत के दरवाजे पर दस्तक देगा। अल्लाह मेरे लिए दरवाजा खोलेगा, फिर मैं अपनी कौम के लोगों के साथ जन्नत में प्रवेश करूंगा। मैं ही दुनिया का सबसे सम्मानित व्यक्ति हूं और मैं ही वह पहला और आखिरी व्यक्ति हूं, जो दुनिया में सबसे अधिक इज्जतदार है। ये सब मैं बिना किसी गुरूर के कह रहा हूं।''[100]

नार्सिसिस्ट आत्मविश्वास से भरा हुआ और निपुण दिखता है। जबकि सच्चाई यह है कि ऐसा व्यक्ति (मनोविकृत नार्सिसिस्ट अधिकांशतः पुरुष होते हैं) आत्मसम्मान की कमी की समस्या से जूझ रहा होता है, और उसे अपनी नार्सिस्टिक भूख शांत करने के लिए दूसरों से अपनी वाहवाही और चापलूसी कराने की आवश्यकता पड़ती है।

डॉ. सैम वैकनिन मैलिग्नैंट सैल्फ-लव[101] नामक पुस्तक के लेखक हैं। वो इस विषय के विशेषज्ञ माने जाते हैं। वो नार्सिसिस्ट के मस्तिष्क को समझते हैं और परिभाषित करते हैं। वैकनिन वर्णन करते हैं:

प्रत्येक व्यक्ति नार्सिसिस्ट होता है, कोई कम तो कोई अधिक। यह एक स्वस्थ परिघटना होती है। यह उत्तरजीविता में मददगार होती है। पर स्वस्थ नार्सिसिज्म और विकृत नार्सिसिज्म में फर्क होता है। विकृत नार्सिसिज्म की विशेषता यह होती है कि इससे पीड़ित इंसान में समानुभूति का पूर्णतः अभाव होता है। ऐसा नार्सिसिस्ट दूसरों को वस्तु समझकर उनका शोषण करने की मानसिकता रखता है। वह दूसरों को अपनी सनक पूरी करने का साधन (नार्सिस्टिक सप्लाई) बनाता है। वह स्वयं को विशिष्ट आदर व सम्मान प्राप्त करने का अधिकारी मानता है, क्योंकि ऐसा इंसान अपने भीतर कपोल-कल्पित आडम्बर पाले रहता है। विकृत नार्सिसिस्ट आत्म-भिज्ञ नहीं होता है। उसकी अनुभूति और भावनाएं विकृत होती हैं। ऐसा इंसान 'अस्पृश्यता', भावनात्मक प्रतिरोध और अपराजेयता का बोध रखते हुए स्वयं से भी और दूसरों से भी झूठ बोलता है। नार्सिसिस्ट के लिए हर चीज जीवन से बड़ी होती है। वह जितना विनम्र होता है, उतना ही आक्रामक भी। उसके वादे विचित्र, उसकी आलोचना हिंसक व अनिष्टसूचक,

और उसकी उदारता मूर्खतापूर्ण होती है। नार्सिसिस्ट छद्म रूप धारण करने में माहिर होता है। वह दिलकश, प्रतिभाशाली अभिनेता, जादूगर और अपने परिवेश को उंगलियों पर नचाने वाला होता है। पहली मुलाकात में ऐसे व्यक्ति को पहचान पाना बेहद मुश्किल होता है।[102]

## नार्सिसिस्ट संप्रदाय

नार्सिसिस्ट को प्रशंसकों की आवश्यकता होती है। वह अपने आसपास काल्पनिक दायरा बनाता है, जहां वह केंद्र बिंदु होता है। वह अपने प्रशंसकों और अनुयायियों को उस दायरे में इकट्ठा करता है, उन्हें पुरस्कृत करता है और अपनी चापलूसी के लिए उनको प्रोत्साहित करता है। जो व्यक्ति उसके इस कृत्रिम दायरे से बाहर होते हैं, उन्हें वह अपना दुश्मन मानता है। वैकनिन लिखते हैं:

नार्सिसिस्ट संप्रदाय के केंद्र में गुरु होता है। अन्य गुरुओं की तरह वह अपने शिष्यों, अपनी पत्नी, बच्चों, परिवार के सदस्यों, दोस्तों व सहकर्मियों से अपनी आज्ञा का सम्पूर्ण अनुपालन चाहता है। वह अनुयायियों से विशिष्ट व्यवहार व सम्मान प्राप्त करना अपना अधिकार मानता है। समझता है कि उसके अनुयायी उसे विशिष्ट समझकर व्यवहार करें और यह सम्मान प्राप्त करना उसका अधिकार है। वह अवज्ञा करने वालों और उससे दूर भागने वालों को दंड देता है। वह अनुशासन, अपनी शिक्षाओं के प्रति निष्ठा और सब पर एक लक्ष्य थोपता है। वास्तव में वह जितना कम निपुण होगा, उतना ही कठोर नियंत्रण और व्यापक ब्रेनवाशिंग करेगा।

विकृत नार्सिसिस्ट का नियंत्रण दुविधा, अनिश्चितता, अस्पष्टता और अपने परिवेश के दुरुपयोग पर आधारित होता है।[103] उसकी हर समय बदलती सनक ही किसी बात को सही अथवा गलत, वांछनीय या अवांछनीय अथवा 'क्या करना या क्या नहीं करना' को निर्धारित करती है। वही अपने अनुयायियों के अधिकार और सीमाएं तय करता है और जब इच्छा होती है तो इन्हें बदल देता है।

विकृत नार्सिसिस्ट माइक्रो मैनेजर होता है। वह अपने अनुयायियों के छोटे से छोटे कार्य या व्यवहार पर नियंत्रण रखता है। उसकी इच्छाओं और लक्ष्य पर नहीं चलने वाले को वह सख्त सजा देता है और सूचनाओं का दमन करता है। ऐसा नार्सिसिस्ट समर्थकों अथवा अनुयायियों की इच्छाओं या अनिच्छाओं का ध्यान नहीं रखता और न ही उनकी निजता और मर्यादा का सम्मान करता है। वह अपने समर्थकों की इच्छाओं की उपेक्षा करता है और उन्हें अपनी संतुष्टि का साधन या वस्तु मानता है। वह व्यक्तियों और परिस्थितियों दोनों पर अनिवार्य रूप से नियंत्रण करना चाहता है।

वह दूसरों की स्वायतत्ता एवं स्वतंत्रता को अस्वीकार करता है। वह चाहता है कि दोस्त अथवा परिवार के किसी सदस्य से मिलने जैसी मामूली बातों के लिए भी उससे अनुमति ली जाए। धीरे-धीरे वह अनुयायियों को उनके करीबी और प्रिय लोगों से अलग-थलग कर देता है, ताकि ये लोग उसके ऊपर भावनात्मक, यौनिक, वित्तीय व सामाजिक रूप से निर्भर होने को मजबूर हो जाएं।

वह संरक्षक व कृपा बरसाने वाले के रूप में अभिनय करते हुए बर्ताव करता है और अक्सर नसीहत देता रहता है। वह कभी अपने संप्रदाय के सदस्यों की मामूली गलतियों पर बरस पड़ता है तो कभी उनकी प्रतिभा, गुण व कौशल की झूठी तारीफ करने लगता है। उसकी इच्छाएं अव्यवहारिक होती हैं और इसलिए वह बाद में अपने दुर्व्यवहार को वैध करार देने लगता है।[104]

मुहम्मद ने बड़ा झूठ गढ़ा कि उसके अनुयायी परम सत्य पर भरोसा करते हैं। खतरनाक बात यह है कि हिटलर के झूठ को सच मानने वालों की तरह ही इस्लाम के अनुयायी भी झूठ को सच मानने के लिए स्वेच्छा से तत्पर रहते हैं।

पिछले अध्याय में हमने मुहम्मद का परिचय जाना। हमने देखा कि किस तरह उसने अपने अनुयायियों को उनके परिवारों से अलग-थलग कर दिया और उनके निजी जीवन तक पर नियंत्रण कर लिया। दुख इस बात का है कि 1400 साल बीतने के बावजूद स्थिति बहुत नहीं बदली है। मुझे तमाम ऐसी हृदय विदारक घटनाएं सुनने को मिली हैं, जिसमें अभिभावकों ने बताया कि उनके पुत्र या पुत्री ने इस्लाम कबूल कर लिया है। मुसलमान इन बच्चों को घेरे रहते हैं और अभिभावकों से न मिलने की सलाह देते हैं।

## विकृत नार्सिसिस्ट का हेतु

विकृत नार्सिसिस्ट जानता है कि अपना प्रत्यक्ष महिमा मंडन कराना उल्टा पड़ सकता है और उसकी स्वीकार्यता खतरे में पड़ सकती है। इसलिए वह इसके बजाय अपने को उदारवादी, त्यागी पुरुष, ईश्वर, राष्ट्र अथवा मानवता की सेवा में रत होने का ढोंग करते हुए पेश करता है। उसके इस मुखौटे के पीछे सोची-समझी चतुराई होती है। ऐसा इंसान अपने अनुयायियों के समक्ष ऐसे महान व प्रतापी उद्देश्य रखता है, जिससे लगे कि वे इसके बिना नहीं रह सकते। वह खुद को क्रांतिकारी, परिवर्तन लाने वाला और आशा की किरण देने वाला नेता मानता है। प्रचार और तिकड़म के जरिए वह उस उद्देश्य को इतना महत्वपूर्ण बना देता है कि जो उस पर भरोसा करते हैं, उन्हें उस उद्देश्य के आगे अपना जीवन गौण लगने लगता है। इसी ब्रेनवाश में अनुयायी मरने और मारने पर उतारू हो जाते हैं। ऐसा नार्सिसिस्ट त्याग और बलिदान जैसी भावनाओं को प्रोत्साहित करता है। फिर इसके बाद वह खुद को इन उद्देश्यों की धुरी के रूप में प्रस्तुत करता है। यह उद्देश्य इसके इर्दगिर्द घूमता है। वह ऐसी तस्वीर पेश करता है, जैसे कि केवल वही उस उद्देश्य को पूरा कर सकता है और अपने अनुयायियों का नेतृत्व कर सकता है। इसलिए ऐसा व्यक्ति अपने समर्थकों के लिए दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण शख्सियत हो जाता है। एक ऐसी शख्सियत जिसके पास उनके मोक्ष व यश-पराक्रम की कुंजी है।

यह उद्देश्य अस्ल में ऐसे नार्सिसिस्ट के निजी अरमानों को पूरा करने का साधन होता है। उदाहरण के रूप में, जोन्स ने गुयाना में उन 900 लोगों का नेतृत्व किया, जिन्होंने सामूहिक आत्महत्या की। इस इंसान ने लोगों को सामूहिक आत्महत्या के लिए उकसाते हुए सामाजिक न्याय का हेतु बताया और समर्थक उसे मसीहा मानते थे।

हिटलर ने आर्यों की सर्वोत्कृष्टता का उद्देश्य दिया था। उसने हालांकि अपना प्रत्यक्ष महिमा मंडन नहीं किया, बल्कि जर्मनी की श्रेष्ठता हासिल करने की बात कही। वह निस्संदेह अपरिहार्य प्रेरणास्रोत था और अपने मकसद का फ्यूहरर था। इसी तरह स्टालिन ने साम्यवाद का उद्देश्य सामने रखा था और जो उसकी बातों से इत्तिफाक नहीं रखता था, उसे वह सर्वहारा के खिलाफ मानता था और कत्ल करवा देता था।

मुहम्मद ने अपने अनुयायियों से स्वयं की इबादत के लिए नहीं कहा। अस्ल में उसने दावा किया कि वह केवल अल्लाह का संदेशवाहक अर्थात पैगम्बर है। फिर उसने होशियारी दिखाते हुए अपने अनुयायियों को कहा कि वे अल्लाह व उसके पैगम्बर के हुक्म को मानें। कुरान की एक आयत में उसने अपने कथित अल्लाह के जरिए कहलवाया:

ऐ रसूल! तुमसे लोग पूछेंगे जंग से क्या आया और क्या गया? उनसे कहो कि जंग का अनफ़ाल यानी माले-गनीमत अल्लाह और रसूल के लिए है। अल्लाह के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का अहसास करो। अपने बाहमी (आपसी) मामलात की इस्लाह (ठीक) करो और अगर तुम सच्चे (ईमानदार) हो तो अल्लाह का और उसके रसूल का हुक्म मानो। (कुरान. 8:1)

चूंकि अल्लाह के लिए अरब के लोगों से ठगे और चुराए गए माल का कोई उपयोग नहीं था, इसलिए ये सारे

माल उसके प्रतिनिधि (मुहम्मद) के हो गए। चूंकि कोई भी अल्लाह को न तो देख सकता है और न सुन सकता है, इसलिए सारी कर्तव्यपरायणता मुहम्मद के प्रति थी। मुहम्मद से ही लोगों को डरना चाहिए, क्योंकि वह दुनिया के सबसे भयानक ईश्वर का एकमात्र मध्यस्थ था। प्रभुत्व जमाने के लिए अल्लाह के नाम का बहाना मुहम्मद के लिए जरूरी था। क्या यह संभव था कि अल्लाह के भय के बिना मुहम्मद के अनुयायी अपनी जिंदगी कुर्बान कर देते, दूसरे लोगों और अपने परिजनों तक की हत्याएं कर देते, उनकी धन-संपत्ति लूट लेते और सबकुछ मुहम्मद को सौंप देते? यह काल्पनिक अल्लाह और कुछ नहीं, बल्कि मुहम्मद की सनक और अपना प्रभुत्व स्थापित करने का औजार था। विडम्बना यह है कि मुहम्मद हमेशा और किसी को अल्लाह के बराबर नहीं मानने का उपदेश देता रहा और एक तरह से खुद ही अल्लाह का एक ऐसा जोड़ीदार बन बैठा कि उसे व्यवहारिक एवं तार्किक रूप से अल्लाह से अलग रखना असंभव हो गया।

ऐसे नार्सिसिस्टों को अपने अनुयायियों का इस्तेमाल करने के लिए किसी उद्देश्य की आवश्यकता होती है। जर्मनों ने युद्ध की शुरुआत हिटलर के लिए नहीं की थी। इन्होंने युद्ध उस हेतु के लिए शुरू किया था, जिसे हिटलर ने उनके दिमाग में भरा था।

डॉ. सैम वैकनिन लिखते हैं: नार्सिसिस्ट (आत्मपूजक) हर उस चीज का इस्तेमाल करते हैं जो उनकी मनोविकारी सनक पूरी करने में सहायक होता है। यदि ईश्वर, नस्ल, जाति, चर्च, विश्वास, संस्थागत धर्म आदि उनकी नार्सिस्टिक भूख को शांत करें तो वे धर्मपरायण बनने का ढोंग करते हैं और यदि इससे उसका मकसद हल न हो तो वे धर्म छोड़ देंगे।'[105]

**इस्लाम प्रभुत्व जमाने का साधन था। मुहम्मद के बाद मुसलमानों के दूसरे नेताओं ने भी इस्लाम का उपयोग इसी तरह किया। मुसलमान इन नेताओं की स्वार्थ सिद्धि के साधन बन गए।**

एक अमरीकी मुसलमान मिर्जा मलकम खान (1831-1908) ने अफगानी मुसलमान जमालुद्दीन अफगानी के साथ मिलकर इस्लामिक पुनर्जागरण (अन-नहज़ा) शुरू किया और उन्होंने एक कुटिल नारा दिया, जिसमें कहा: 'मुसलमानों को कुरान की बातें बताइए, वे आपके लिए जान दे देंगे।'[106]

## विकृत नार्सिसिस्ट की वसीयत

मरते समय भी मुहम्मद ने मुसलमानों से आगे बढ़ने और उसके जिहाद को जारी रखने का आह्वान किया था। चंगेज खान ने भी मरते समय अपने बेटों को ऐसा ही आदेश दिया था। उसने अपने बेटों से कहा कि पूरी दुनिया को अपने कब्जे में लेने की उसकी इच्छा थी, लेकिन अब वह यह नहीं कर पाएगा, इसलिए वे उसके इस सपने को पूरा करें। मुसलमानों की तरह मंगोल भी आतंक फैलाने वाले थे। किसी विकृत नार्सिसिस्ट के लिए फतह ही सबकुछ होता है। ऐसे लोगों के पास दिल नहीं होता है और दूसरों की जिंदगी उनके लिए मायने नहीं रखती।

51 साल की उम्र में हिटलर को अपने बांये हाथ में कुछ अजीब हरकत महसूस हुई। सामान्यत: वह इसे छिपा लेता था, लेकिन रोग बढ़ गया तो वह दुनिया की नजरों से दूर हो गया। उसे अहसास हो गया कि उसकी मौत करीब है। अब वह अपने संकल्प में और दृढ़ हो गया तथा उसने नए सिरे से हमले और तेज कर दिए, जबकि वह जानता था कि उसकी सांसें बहुत कम बची हैं। विकृत नार्सिसिस्ट अर्थात आत्म-कामी अपने पीछे पूरा साम्राज्य छोड़कर जाना चाहते हैं।

यह सोचना भूल है कि इस्लाम केवल एक धर्म है। इस्लाम का एक गुप्त पहलू यह है कि इसे उन मुस्लिम विद्वानों व दार्शनिकों द्वारा बाद में रचा गया, जिन्होंने मुहम्मद की बेतुकी बातों की गूढ़ व्याख्या की। मुहम्मद के

अनुयायियों ने मजहब को अपनी रुचि के अनुसार ढाला और कालक्रम में इन व्याख्याओं पर प्राचीन होने की मुहर लग गई, जिससे इनकी विश्वसनीयता बन गई।

**यदि इस्लाम एक धर्म है तो नाजीवाद, साम्यवाद, शैतानवाद, हैवन्स गेट, पीपुल्स टैम्पल, ब्रांच डेविडियन आदि भी धर्म की श्रेणी में आएंगे।** किंतु यदि हम यह मानते हैं कि जीवन को शिक्षित बनाने, मानव के विकास की संभावनाएं बाहर लाने, आत्मोत्थान, आध्यात्मिकता का बीज बोने, सद्भावना बढ़ाने और मानवता को प्रकाशित करने को धर्म कहते हैं तो इस्लाम इस कसौटी पर पूरी तरह विफल होगा। इस पैमाने पर इस्लाम को न तो धर्म की श्रेणी में रखा जा सकता है और न ही इसे इस श्रेणी में रखा जाना चाहिए।

## नार्सिसिस्ट ईश्वर बनना चाहते हैं

किसी नार्सिसिस्ट के लिए जो चीज सबसे महत्वपूर्ण होती है, वह है ताकत। वह नाम व सम्मान पाना चाहता है और उपेक्षा बिलकुल नहीं बर्दाश्त कर सकता है। ऐसे लोग मन ही मन अकेला और असुरक्षित भी महसूस करते हैं, इसीलिए वे खुद को क्रांतिकारी नेता, आशा जगाने वाली शख्सियत और महान उद्देश्यों के दूत के रूप में प्रस्तुत करते हैं। उनका उद्देश्य तो बस एक बहाना होता है। ऐसा करके वे समर्थकों को अपनी ओर आकर्षित करना चाहते हैं। ये लोग काल्पनिक ईश्वर और मिथ्या उद्देश्य गढ़ते हैं। जितना ही वे अपने फर्जी ईश्वर को महिमामंडित करते हैं, उतनी ही ताकत उनके पास आती जाती है। मुहम्मद के लिए अल्लाह एक सुविधाजनक औजार था। इस औजार के जरिए वह अपने अनुयायियों पर असीमित प्रभुत्व जमा सकता था और उनकी जिंदगी का मालिक बन सकता था।

केवल एक अल्लाह था, भयानक भी और उदार व रहम करने वाला भी। मुहम्मद उसका एकमात्र प्रतिनिधि था। इस हिकमत से मुहम्मद अल्लाह बन गया। हालांकि दावा किया गया कि अल्लाह का पैगाम मुहम्मद के माध्यम से दुनिया में आता है, पर सच्चाई यह थी कि कोई अल्लाह था ही नहीं, बल्कि यह मुहम्मद और उसकी सनक मात्र थी, जिसे संतुष्ट करना मुसलमानों से अपेक्षित था। वैकनिन इस पहलू को अपने लेख 'फॉर द लव ऑफ गॉड– नार्सिसिस्ट एंड रिलीजन' में बखूबी समझाते हैं:[107]

नार्सिसिस्ट सदा ईश्वर की तरह होना चाहता है, जो सर्वज्ञ, सर्वव्यापी, सर्वशक्तिमान, सदा आदरणीय, चर्चा में बना रहने वाला और प्रेरणास्रोत हो। ईश्वर नार्सिसिस्ट का उन्मादभरा सपना होता है, उसकी परम आडम्बरपूर्ण कल्पना होती है। लेकिन ईश्वर उसके लिए कई और मायनों में सुविधाजनक होता है।

ऐसा व्यक्ति कभी प्रभावशाली व्यक्तियों की तारीफों के पुल बांधेगा तो कभी उन्हें नीचा दिखाएगा। शुरुआत में वह प्रभावशाली व्यक्तियों का (अक्सर हास्यास्प्रद तरीके से) अनुकरण करेगा और उनकी हर बात की प्रशंसा करेगा, उनकी हर बात का बचाव करेगा। वह उनके बारे में कहेगा कि वे न तो गलत कर सकते हैं और न ही गलत हो सकते हैं। नार्सिसिस्ट उन शख्सियतों को जीवन से बड़ा, सम्पूर्ण, निर्विकार एवं बुद्धिमान मानेगा। पर ज्यों ही उसकी अव्यवहारिक व हवाहवाई आकांक्षाएं हिलोर मारेंगी तो वह कुंठित होगा।

इसके बाद वह उन व्यक्तियों की निंदा करना शुरू कर देगा, जिन्हें अब तक अपना आदर्श मानता रहा है। ऐसा व्यक्ति जिन्हें अब तक महान बताता था, उन्हें अब वह सामान्य मनुष्य कहने लगेगा। अब उसकी नजर में वो शख्सियतें बहुत छोटी, कमजोर, गलतियां करने वाली, कायर, मूर्ख और मामूली हो जाती हैं। इस विकार से पीड़ित व्यक्ति तत्त्वदर्शी ईश्वर से संबंधों को लेकर भी इसी चक्र को अपनाता है। पर अक्सर, मोहभंग या ईश्वर की छवि को लेकर निराशा का भाव पैदा होने के बाद भी वह उसे चाहने और उसके अनुसरण का बहाना करता रहता है। वह इस धोखे को बनाए रखता है क्योंकि ईश्वर से निकटता दिखाने के बहाने वह एक विशेष प्रकार का रौबदाब हासिल करता है।

पुजारी, जनसमूहों के नेता, उपदेशक, धर्मप्रचारक, पंथों के मुखिया, राजनीतिज्ञ और बुद्धिजीवी ईश्वर के साथ

अपनी कथित निकटता से विशेषाधिकार प्राप्त करते हैं। धार्मिक सत्ता का सहारा लेकर ऐसा व्यक्ति अपनी परपीड़क काम-वासना और स्त्री के प्रति द्वेषपूर्ण रवैये को खुलकर जायज ठहराने की हैसियत पा जाता है। जिस नार्सिसिस्ट के प्रभुत्व के पीछे धार्मिक सत्ता होती है, वह हमेशा आज्ञाकारी और सवाल न उठाने वाले गुलामों को अपने आसपास रखना चाहता है, ताकि वह उन पर अपनी सनकभरी और शैतानी इच्छाएं थोप सके।

नार्सिसिस्ट व्यक्ति निरापद व विशुद्ध धार्मिक भावनाओं को भी सांप्रदायिक कर्मकांड और विषैली महंतशाही में बदल डालता है। वह ऐसे लोगों को अपना शिकार बनाता है जो भोलेभाले हों। उसके अनुयायी बंधक जैसे हो जाते हैं।

धार्मिक सत्ता ऐसे व्यक्तियों की सनक पूरी करने की माध्यम बन जाती है। उसके सहधर्मी, उसके समूह के सदस्य, उसका गांव, उसका इलाका, उसके श्रोता, सबके सब उसकी पागलपंथी के रास्ते में सहायक बन जाते हैं। लोग उसकी आज्ञा का पालन करते हैं, उसकी नसीहत पर ध्यान देते हैं, उसके मत को स्वीकार करते हैं, उसके व्यक्तित्व की प्रशंसा करते हैं, उसकी विशिष्टताओं की सराहना करते हैं, उसकी आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं, उसका आदर करते हैं और उसे अपना आदर्श मानते हैं।

इसके अतिरिक्त किसी 'बड़ी चीज' का हिस्सा होना नार्सिस्टिक रूप से सुखद होता है। ईश्वर का अंश होने का अर्थ उसके वैभव में डूबने जैसा होता है, उसकी ताकत व आशीर्वाद का अहसास करने जैसा होता है, उसकी संगत में रहने जैसा होता है-ये सब नार्सिस्टिक भूख को शांत करने के अच्छे स्रोत होते हैं। ऐसा व्यक्ति उस ईश्वर की आज्ञा का पालन करते हुए, उसके निर्देशों का अनुसरण करते हुए, उसको प्यार करते हुए, उसके प्रति समर्पित होते हुए, उससे संवाद करते हुए और उसकी आज्ञा का उल्लंघन करते हुए भी, ईश्वर बन जाता है। (ऐसे व्यक्ति के दुश्मन जितने बड़े होते हैं, वह स्वयं को उतना ही महान समझने लगता है।)

नार्सिसिस्ट के जीवन में अन्य बातों की तरह, ईश्वर को भी विपरीत नार्सिसिस्ट में रूपांतरित कर देता है। ईश्वर उसकी अजीबोगरीब हरकतें और इच्छाएं पूरी करने का स्रोत हो जाता है। ऐसा व्यक्ति दूसरों पर नियंत्रण और वशीकरण के लिए उस सर्वशक्तिमान व सर्वव्यापक सत्ता से व्यक्तिगत संबंध बनाता है। इस छद्म संबंध के माध्यम से वह स्थानापन्न रूप से ईश्वर बन जाता है। वह पहले ईश्वर का महिमामंडन करता है और फिर अपने आगे उसका महत्व कम कर देता है, फिर उसे अपशब्द कहने लगता है। यह पारंपरिक नार्सिस्टिक विशेषता है और ईश्वर भी स्वयं को इससे नहीं बचा सकते।[108]

नार्सिसिस्ट स्वयं का प्रत्यक्ष प्रचार नहीं करते, बल्कि ये उदारता, दया और करुणा का मुखौटा लगाकर अपने काल्पनिक अल्लाह, विचार, धर्म अथवा उद्देश्य को आगे करते हैं, जबकि वास्तव में यह इन व्यक्तियों का छद्म वेश होता है। ऐसे लोग स्वयं को संदेश वाहक, साधारण व विनम्र और किसी ताकतवर अल्लाह अथवा किसी तथाकथित उद्देश्य के स्वघोषित अग्रदूत के रूप में प्रस्तुत करते हैं। पर इनकी ओर से यह स्पष्ट होता है कि मात्र ये ही उस उद्देश्य को जानते हैं और असंतोष या विरोध बिलकुल सहन नहीं करते।

नार्सिसिस्ट हृदयहीन होते हैं, पर मूर्ख नहीं। ये जानबूझ कर आहत करते हैं। ये उस शक्ति बोध का आनंद लेते हैं, जो दूसरों को हानि पहुंचाकर मिलती है। ये ईश्वर होने का आनंद उठाते हैं और यह निर्धारित करते हैं कि किसे पुरस्कार देना है और किसे दंड, किसे जीने का हक है और किसे नहीं।

और फिर इस अमेरिकन महिला ने इस्लाम कबूल कर लिया और कड़ाई से बुर्का पहनने लगी और ऐसी पर्दानशीं रहने लगी कि अपना चेहरा भी नकाब से ढंककर रखती थी। मेरा इस औरत से ऑनलाइन परिचय हुआ। इस औरत ने एक इंटरनेट साइट बनवाई थी, जिस पर इस्लाम का प्रचार करती थी और मेरे बारे में उल्टा-पुल्टा बोलती थी। वह दूसरी औरतों को मेरे लेख नहीं पढ़ने की चेतावनी देती थी। जाहिर है, वह इस्लाम के अनुसार जी नहीं रही थी, बल्कि इस्लाम के बारे में उपदेश दे रही थी और इसलिए वह मेरे लेख पढ़े बिना नहीं रह पाती थी। आखिर में वह इस्लाम की घिनौनी हकीकत जान गई और इस्लाम को छोड़ दिया, बिलकुल चिंताजनक स्थिति में। उसने मुझे बताया कि किस तरह धीरे-धीरे वह इस्लाम के दलदल में फंसती चली गई। इस दलदल में वह इस सीमा तक फंस गई थी कि एक समय उसने अपने गैर-मुस्लिम पति को भी इस्लाम स्वीकार कर एक और बीबी लाने को कह दिया।

मैं ऐसी मुस्लिम औरतों से मिल चुका हूं, जिनका इस कदर ब्रेनवाश कर दिया गया है कि वे **मुहम्मद के उस दावे का भी समर्थन करती हैं, जिसमें कहा गया है कि औरतों की बुद्धि मर्दों से कम होती है और वे स्वाभाविक रूप से मर्दों से कमतर होती हैं। विडम्बना यह है कि वे साथ ही यह भी मानती हैं कि इस्लाम औरतों की आजादी की हिमायत करता है।** मजहब अस्ल में दिमाग को बंद कर देने वाला नशा है। जो लोग इस्लाम कबूल करते हैं, वे संभवत इसके अद्वैतवाद से आकर्षित होकर यह कदम उठाते हैं अथवा वे एक बड़े 'बंधुत्व' वाले समूह में शामिल होने की इच्छा से ऐसा करते हैं। ये लोग ही कुछ ही समय में यहूदियों से नफरत करने लगते हैं और अपने देश से भी। फिर वे अपने गैर-मुस्लिम अभिभावकों के प्रति नफरत पालने लगते हैं और अपने गैर-मुस्लिम दोस्तों से दूरी बनाने लगते हैं। अंत में वे मुसलमान के तौर पर अपने सबसे बड़े मजहबी फर्ज को निभाने के लिए जिहादी, आतंकवादी बनने की ओर खुद ही अग्रसर हो जाते हैं और खुशी-खुशी सबसे बड़ा शहादत की कुर्बानी देने के लिए तैयार हो जाते हैं।

कनाडा के एक व्यक्ति ने इस्लाम कबूल किया था अथवा जैसा कि मुसलमान सोचते हैं कि अपने मूल मजहब की ओर लौट आया था। इस व्यक्ति ने इस्लाम छोड़ने के बाद उन अनुभवों को लिखा है, जो उसे मुसलमान रहने के दौरान हुए थे:

किसी काफिर (गैर-मुस्लिम) के लिए विशुद्ध इस्लाम को पचा पाना बहुत कठिन है। इसलिए मजहब के स्थापित व्यवहार के मानकों में तब्दीली स्पष्ट रूप से इस्लाम के प्रचार (दावा) में उच्च सफलता दर दे रही थी। इसके लिए मुसलमानों ने इस्लाम के सिद्धांतों में ऐसे बदलाव किए थे, जो नए-नए मुसलमान बने लोगों की दैहिकता के उपयुक्त हो। इस्लाम का उदार और साफ-सुथरा संस्करण, जिसने अस्ल में मुझे धर्मांतरण के लिए प्रेरित किया। इस्लाम के इस रूप को परखना अभी बाकी था। स्थानीय मस्जिद के मुसलमान नए मुसलमानों से हाथ मिलाने और गले लगाने के लिए हमेशा तैयार रहते थे। इतना प्यार-मुहब्बत घर पर नहीं मिलता था। विशेषकर ऐसे माहौल में जहां, मां पढ़ाई-लिखाई को लेकर हमेशा डांटती रहती हो और पिता को मेरी प्रगति से कोई लेना-देना ही न हो। मेरे मुस्लिम साथियों के प्रोत्साहन से मेरे मन में हमेशा यह ख्याल आता था कि मैं अपने मजहब का पालन पूरी शिद्दत से करूं, संभवत: शादी करूं, अरबी भाषा सीखूं और मुजाहिद (जिहाद में भाग लेने वाला) और शहीद बनूं।

जो लोग मुसलमान बनने से पहले भोलेभाले और सरल स्वभाव के थे, वे अब चारों ओर व्याप्त क्रुद्ध व्यवहार एवं अधिकांश मुस्लिम समाज में फैलाई जा रही षडयंत्रकारी बातों को आसानी से ग्रहण करने लगते थे। कुफ्र से बचने के लिए, हम बाकायदा आसपास चल रही गैर-इस्लामिक बातों या गतिविधियों की ओर देखते तक नहीं थे।

धर्मांतरित होकर मुसलनमान बने एक व्यक्ति ने घोषणा की थी कि ओसामा बिन लादेन दस लाख जार्ज बुश और एक हजार टोनी ब्लेयर से बेहतर था, क्योंकि वह मुसलमान था। (3:110) इसलिए जब भी मुसलमानों द्वारा अल्लाह के नाम पर किया गया कोई अत्याचार सुनाई पड़ता था तो हमारे साथी भाई और बहन प्रसन्न होते थे। हम मुस्लिम देशों में हो रहे मानवाधिकार उल्लंघन के मामलों पर नीचतापूर्वक ध्यान नहीं देते थे, भले ही इन घटनाओं के पीड़ित मुसलमान हों। मेरे मुस्लिम समाज में यह बात प्रचलित थी कि मुसलमानों को बदनाम करने के लिए दूसरे लोग मुसलमान के नाम पर गलत कर रहे हैं और यह बात और कुछ नहीं, बल्कि सीधे-सीधे मुसलमानों को धोखे में रखने के लिए जानबूझकर फैलाई जाती थी। यहां तक कि जो उदारवादी मुसलमान थे और जो नमाज नहीं पढ़ते थे और जो ज़िना (अवैध संबंध, बिना शादी के यौन संबंध बनाना, व्यभिचार आदि) करते थे, वे भी ये स्वीकार करने

से बचने की कोशिश कर रहे थे कि 9/11 के आतंकवादी हमले को अंजाम देने वाला पायलट मुसलमान था। जैसा कि मेरे अफगानी सहपाठी ने टिप्पणी की थी, 'वह (पायलट) यहूदी था!' जब हमें आत्मालोचना का अवसर मिला तो अपनी कमजोरियां देखने के बजाय हमने बिना सोचे बलि का बकरा बनाते हुए यहूदियों पर आरोप मढ़ दिया। खुद को इस्लामी उम्मत (समुदाय) में रचाने-बसाने की प्रक्रिया ज़ाहिरी तौर पर तब पक्की मानी जाती थी, जब वह व्यक्ति अरब-मुस्लिम के नए एजेंडे की हिमायत करता था। अरब-मुस्लिम नवीनतम एजेंडे में लंबी दाढ़ी रखना, यहूदियों के प्रति घृणा प्रदर्शित करना, समय-समय पर बिदआ बोलना (आधुनिकतावादियों की निंदा करना) और इजराइयल देश की वैधता को स्वीकार न करना आदि शामिल है। हम बड़े गर्व से जिहाद को स्वीकार करते थे और जब कोई काफिर जिहादी गतिविधि (आतंकी गतिविधि) पर सवाल करता था तो बेवकूफाना हरकत करते थे और बेतुके आरोप लगाकर उसके सवाल को टाल जाते थे। ये बेतुके आरोप ऐसे होते थे जैसे कि 'तुम्हें कैसे पता कि यह मुसलमानों द्वारा किया गया है? तुम्हारे पास क्या प्रमाण है?' हालांकि काफिर लोग इतने अंधे नहीं थे कि वे मुसलमान आतंकवादियों द्वारा आतंकी वारदात को अंजाम देने की घटना की जिम्मेदारी लेते हुए वीडियो में कबूलनामा देखकर न समझ सकें। सभी मुसलमान आतंकवादी नहीं होते, यह बात जितनी साफ है उतनी ही चिंताजनक भी, क्योंकि अधिकांश आतंकवादी मुसलमान ही होते हैं। **यदि किसी अमेरिकन या यहूदी के मरने की खबर आती थी तो वहां पर खुशी मनाई जाती थी। मैंने इस बात पर प्रसन्न होते एक ऐसे मुसलमान को देखा, जो महज पांच साल का था। इसका मतलब यह हुआ कि मुसलमानों में गैर-मुस्लिमों की मौत पर खुशी मनाने की धारणा बचपन से ही भरी जाती है।** नए मुसलमान उन इस्लामी देशों से आए प्रवासियों द्वारा की गई इस्लाम की कठोर व्याख्या को ग्रहण करते थे, जिन देशों में इज्तिहाद (स्वतंत्र परिचर्चा) प्रतिबंधित है और स्वतंत्र सोच रखना, इस्लाम के अलावा कुछ और सोचना अपराध है तथा सत्ता अपरिवर्तनीय है।[358]

जीन मिल्स, जो पीपुल्स टैम्पल के गुयाना में स्थानांतरित होने से दो साल पहले समूह छोड़कर भाग आई थीं, ने अपनी आंखों देखी 'सिक्स इयर्स विद गॉड (1979)' में लिखा है:

'जब भी मैं किसी को पीपुल्स टैम्पल में सदस्य के रूप में बिताए गए अपने छह साल की घटनाओं के बारे में बताती थी, तो मेरा सामना उत्तर के बजाय ऐसे सवालों से होता था, जिनका जवाब नहीं दिया जा सकता था: जैसे कि यदि चर्च इतना बुरा था तो तुम अपने परिवार के साथ इतने लंबे समय तक वहां क्यों रही?'

ऑशेरो कहते हैं, 'स्व-औचित्यीकरण की प्रक्रिया और संज्ञानात्मक असंगति सिद्धांत[359] का परीक्षण करने के लिए सामाजिक मनोवैज्ञानिक शोधों के कई शास्त्रीय अध्ययन इस प्रकार के प्रकट रूप से अतार्किक व्यवहार की व्याख्या कर सकते हैं।'

अमरीकन तालिबान के रूप में कुख्यात जॉन वाकर लिंद, जो एक युवा के रूप में अल-कायदा में भर्ती होने अफगानिस्तान गया और अपने ही देश के खिलाफ लड़ा, एक रात में आतंकवादी नहीं बन गया था। इस्लाम में जॉन की रुचि जब जगी, तब वह महज 12 साल का था। उसकी मां उसे स्पाइक ली की फिल्म मैलकॉम एक्स दिखाने ले गई थी। टाइम मैग्जीन ने इस महिला के हवाले से कहा, 'वह फिल्म का एक दृश्य देखकर भावुक हो गया। इस दृश्य में दिखाया गया था कि सभी राष्ट्रों के लोग एक ईश्वर के आगे सिर झुका रहे हैं।'[360]

किसी ने न तो इस बात की परवाह की और न ही कोई यह समझ सका कि इस युवा को इस्लाम के खतरों के बारे में पर्याप्त ढंग से चेताया जाना चाहिए था। इसके विपरीत, अपने माता-पिता से इस युवा को दिल की इच्छा पूरी

करने की अनुमति और आशीर्वाद मिल गया, क्योंकि वे भी इस्लाम के बारे में ठीक से नहीं जानते थे। 29 सितम्बर, 2002 के अंक में टाइम मैग्जीन ने लिखा: 'जॉन के माता-पिता यह देखकर प्रसन्न थे कि उनके बेटे को कुछ ऐसा मिल गया, जिसमें उसे खुशी मिल रही है। जिस समय उनके साथ के दूसरे अभिभावक अपने बच्चों के ड्रग्स लेने, शराब पीने और तेज ड्राइविंग जैसी बुराइयों से जूझ रहे थे, उस समय इन्हें अपने बच्चे का रुझान बड़ा मासूम लगता था। मर्लिन (जॉन की मां) शुक्रवार की नमाज के लिए उसे खुद मस्जिद तक छोड़ने जाती थी और शाम को जॉन का कोई साथी मुसलमान उसे घर छोड़ने आता था।'

सहिष्णु अमरीकी समाज एक युवा अमरीकी के इस्लाम कबूल करने में कुछ भी गलत या चेताने वाला नहीं देख पाया। वह अपने अजीब से इस्लामिक कपड़ों में गली में आता-जाता था और अच्छे अमरीकी लोग इसको जरा भी अजीब नहीं मानते थे। टाइम मैग्जीन ने लिखा: 'यह एक और बच्चा था, जो अपनी जिंदगी के आध्यात्मिक पक्ष से प्रयोग कर रहा था, इसमें निश्चित ही डरने या नापसंद करने जैसा कुछ नहीं था।'

इस्लाम की हकीकत की पड़ताल करने के बजाय जॉन के पिता ने स्वयं को ही बेवकूफ बनाया और यह मानते रहे कि उनके बच्चे को मुसलमान इसलिए घर तक छोड़ने आता है, क्योंकि ऐसा करना साथी मुसलमान के लिए मेहमाननवाजी की इस्लामिक परंपरा का हिस्सा है। जबकि वास्तव में यह अपने आप में इस्लाम की सांप्रदायिक (पंथिक) प्रकृति की चेतावनी का संकेत था। संप्रदायवादी उन लोगों के प्रति जरूरत से अधिक प्यार लुटाते हैं, दोस्ताना व्यवहार करते हैं, जिन्हें वह अपने संप्रदाय में लाना चाहते हैं। अपने बेटे को इस्लाम के खतरों से आगाह करने के बजाय इन्होंने उसके विश्वास की सराहना करने की कोशिश की। एक दिन इन्होंने अपने बेटे से कहा, 'मुझे नहीं लगता कि तुम इस्लाम में धर्मांतरित हुए हो, बल्कि तुमने इस्लाम को अपने भीतर ढूंढ़ा है और अपने भीतर के मुसलमान को जिंदा किया है।'

उसके अभिभावक और बाकी भोले-भाले अमरीकी, इस बात से अनजान थे कि इस तेजी से प्रभावित होने वाले नवयुवक का धीरे-धीरे ब्रेनवाश किया जा रहा है और उसके मन में अपने ही देश के प्रति नफरत करने का भाव भरा जा रहा है। टाइम मैग्जीन ने यमन के एक भाषा अध्यापक की बात को उद्धृत करते हुए लिखा: 'यूएस से आया लिंद अमरीका से पहले से ही नफरत करता था।' मैग्जीन ने लिखा: 'लिंद ने 23 सितम्बर, 1998 को यमन से अपनी मां को एक पत्र लिखा था, जिसमें उसने यूएस के प्रति दुविधा जताई थी। उसने पिछले महीने अफ्रीका में यूएस दूतावास पर बम से हमले की घटना का उल्लेख करते हुए कहा था कि यह संभावना अधिक है कि इन हमलों को किसी मुसलमान के बजाय अमरीका की सरकार ने अंजाम दिया हो।'

गैर-मुस्लिम धीरे-धीरे उस इस्लामिक कपट से परिचित हो रहे हैं, जिसमें वारदात को अंजाम देने के बाद शिकार पर ही दोष मढ़ देने का सिलसिला चल पड़ा है। **9 नवंबर, 2011 की उस बदकिस्मत सुबह, 4000 यहूदियों के काम पर नहीं आने की मजेदार कहानी कुछ मुस्लिमों द्वारा षडयंत्र सिद्धांत के तहत गढ़ी गई। मुसलमानों ने 'षडयंत्र सिद्धांत' का अविष्कार इसलिए किया है, ताकि दुनिया में मुसलमानों द्वारा किए जा रहे आतंकवादी हमलों का दोष अमरीका की खुफिया एजेंसी सीआईए और इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद पर मढ़ा जा सके। हैरत की बात यह है कि मुसलमानों ने 9/11 के दिन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में यहूदियों के काम पर नहीं आने की कहानी उस हमले के बचाव में गढ़ी थी, जिसकी जिम्मेदारी ओसामा बिन लादेन ने बड़े गर्व से अपनी जीत के दावे के रूप में ली थी।** तो यह मासूम बच्चा धीरे-धीरे यह विश्वास करने लगा था

कि केवल इस्लाम ही समस्त मानव जाति के लिए सच्चा मजहब है। वह पूरी शिद्दत और जोश से इस्लाम को सीखने और इसकी राह पर चलने की कोशिश कर रहा था। वह कुरान पढ़ने और याद करने लगा। अपनी नोटबुक में उसने एक वाक्य लिखा: 'जब तक हम जिंदा रहेंगे, जिहाद करते रहेंगे।'[361] मुसलमान होने के साथ ही जॉन वाकर लिंद मुहम्मद के नार्सिस्टिक निराधार संसार में प्रवेश कर गया था। वह पहले से ही अतार्किक और नार्सिस्टिक इस्लामी सोच दर्शाने लगा था। वह अच्छी तरह जानता था कि 9/11 हमले का जिम्मेदार कौन था। एक ओर उसने इस हमले में मुसलमानों का हाथ होने से इंकार किया तो दूसरी ओर वो जीवन की आखिरी सांस तक जिहाद करने का संकल्प ले रहा था।

जॉन ने खुद को अपने देशवासियों से दूर कर लिया। कुरान के अनुसार, मुसलमान के लिए गैर-मुस्लिमों के साथ दोस्ती अच्छी नहीं मानी जाती है: 'ऐ मुसलमानो! अगर तुम्हारे मां-बाप और तुम्हारे भाई-बहन ईमान के मुकाबले कुफ्र को तरजीह देते हो तो तुम उनको (अपना) हमदर्द न समझो (कुरान.9:23)।' मुसलमान को उनसे जंग लड़ने और उनका कत्ल करने हुक्म है, जो अल्लाह को नहीं मानते: 'अहले किताब में से जो लोग न तो (दिल से) अल्लाह पर ईमान रखते हैं और न रोजे पर और न अल्लाह व उसके रसूल की हराम की हुई चीज़ों को हराम समझते हैं और न सच्चे मजहब (इस्लाम) को अपनाते है, उन लोगों से जंग करो, उन्हें इतना जलील करो कि वे जज़िया (गैर-मुस्लिमों के जिंदा रहने के लिए कर) दें (कुरान.9:29)।' 'ऐ ईमान वालो! (मुसलमानो) अपने आसपास के काफ़िरों (गैर-मुस्लिमों) से लड़ो और इस तरह लड़ो कि वे लोग तुम में सख्ती महसूस करें (कुरान.9:123)।' एक मुसलमान को दूसरा धर्म स्वीकार करने की इजाजत नहीं होती: 'और जो शख्स इस्लाम के सिवा किसी और धर्म को स्वीकार करे, उसका वह धर्म किसी भी तरह स्वीकार न किया जाएगा वह आखिर में घाटे में रहने वालों में से एक होगा (कुरान.3:85)'

इसमें कोई हैरत की बात नहीं है कि जब उसने 2000 के अमरीकी राष्ट्रपति के चुनाव के बाद अपनी मां को पत्र लिखा तो जॉर्ज डब्ल्यू बुश को 'तुम्हारे नए राष्ट्रपति' के रूप में इंगित किया और आगे लिखा कि 'मुझे खुशी है कि वह मेरा राष्ट्रपति नहीं है।' बिल्कुल नहीं! एक मुसलमान गैर-मुस्लिम के शासन को स्वीकार नहीं कर सकता: 'तुम काफिरों (गैर-मुस्लिमों) का हुक्म न मानना (इताअत न करना) और उनके खिलाफ कुरान की प्रेरणा से आगे बढ़ो (कुरान.25:52)'

जॉन वाकर लिंद पश्चिमी समाज की बीमारी, जिसे राजनैतिक औचित्य कहा जाता है, का शिकार था। क्या ये रोनाल्ड रीगन ही नहीं थे, जिन्होंने अफगानिस्तान में इस्लामी आतंकवादियों को 'स्वतंत्रता सेनानी' कहा था? जॉन स्वतंत्रता सेनानी बनने गया था। उसमें गलत क्या था? क्या राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू. बुश और टोनी ब्लेयर ने बार-बार घोषणा नहीं की थी कि, 'इस्लाम शांति का मजहब है?' शांति के मजहब के अनुयायी को जेल में क्यों डाला, उसने तो बस अपने शांति के मजहब के निर्देशों का पालन किया है? **पश्चिम दोषी है- सहअपराध का, तुष्टीकरण का और स्वयं को धोखा देने का।**

**नॉर्थ कैरोलिना विश्वविद्यालय के प्रोफेसर माइकल सैल्स ने प्रथम वर्ष के स्टूडेंट के समर रीडिंग के लिए 'अप्रोचिंग द कुरान' नामक पुस्तक का संकलन किया था। इसमें उन्होंने मक्का में शुरुआती दिनों में लिखी गई उन आयतों को लिया, जो अच्छी सीख देती थी, लेकिन उन हिंसक, खूनी आयतों को जानबूझकर छोड़ दिया, जिसमें गैर-मुस्लिमों के कत्ल, लूटपाट और बलात्कार करने का हुक्म दिया गया था।**

बाद में मदीना में लिखी गई ये वो आयतें हैं, जिन्हें पढ़कर कोई भी स्वस्थ चित्त वाला इंसान घृणा से भर जाएगा। यह और कुछ नहीं, बल्कि धोखा देने का खेल था। इसी तरह का धोखा कैरन आर्मस्ट्रांग और जॉन एसपॉसितो ने अपनी पुस्तकों में इस्लाम की परिभाषा में किया है। युवा अमरीकियों से इस्लाम का घिनौना सच छिपाते हुए झूठ बोला जा रहा है। इन युवाओं के लिए कुछ पश्चिमी अकादमीशियन द्वारा इस्लाम की झूठी तस्वीर पेश की जा रही है। ईश्वर जाने ये अकादमीशियन ऐसा क्यों कर रहे हैं! और जब ये बच्चे परोसे गए झूठ पर विश्वास कर लेते हैं, दूसरों के विचारों को मानने लगते हैं, और इस्लाम की राह पर चलने लगते हैं, तो हम उन्हें आतंकवादी बनाकर जेल में डालते हैं, मुकदमा चलाते हैं, सजा देते हैं। क्या ये पाखंड नहीं है? ये बच्चे दोषी नहीं हैं। ये राजनीतिक औचित्य के नाम पर बनाए गए हमारी बीमार लोकनीति की पैदाइश हैं।

जब इस्लाम की बात आती है तो कितने समाचार पत्र, टेलीविजन या रेडियो स्टेशन सच दिखाने का साहस रखते हैं? **कौन सा ऐसा राजनेता है, जिसमें इतना दम हो कि कैमरे के सामने आकर कहे कि इस्लाम शांति का मजहब नहीं है? अपने बच्चों पर निगरानी रखिए।** यदि कोई सच कहने की हिम्मत करता भी है तो उस पर तुरंत नस्लभेदी होने और नफरत फैलाने वाला होने का तमगा लगा दिया जाता है और उसका सिर झुका दिया जाता है। जबकि, इस्लामिक प्रचार करने वालों को सच को तोड़मरोड़ कर पेश करने और झूठ के प्रचार की पूरी आजादी दी जाती है, और ये इस्लामी प्रचारक जानते हैं कि वे जो भी कहें, उस पर कभी कोई सवाल नहीं उठाएगा।

काउंसिल ऑफ अमेरिकन-इस्लामिक रिलेशंस (सीएआईआर) (इन्हें 'धूर्त अमेरिकन के साथ इस्लामिक ठग' कहना अधिक उचित होगा) देशभर में इस्लामिक किताबों वाली हजारों लाइब्रेरियां चलाती हैं, इस उम्मीद में कि और जॉन वाकर लिंद पैदा हों। अमरीका के प्रति अमरीकी बच्चों में नफरत भरने के लिए देश के सभी शहरों और कस्बों में मस्जिदें बनाई जा रही हैं। यूरोप, आस्ट्रेलिया, कनाडा और अन्य गैर-मुस्लिम देशों में स्थिति और विकट है। द संडे टेलीग्राफ के सिक्यूरिटी कॉरेसपांडेंट सीन रेयमेंट ने 25 फरवरी, 2007 को एक सीक्रेट रिपोर्ट के हवाले से खुलासा किया था, ब्रिटेन की सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि देश में 2000 से अधिक मुसलमान आतंकवादी वारदातों को अंजाम देने के लिए साजिश रच रहे हैं। कोई ऐसा दिन नहीं गुजरता है, जिस दिन दुनिया के किसी न किसी हिस्से में मुसलमान आतंकवादियों के हाथों कोई न कोई मारा न जाता हो। आखिर दुनिया कब जागेगी और मानेगी कि इस्लाम कोई धर्म नहीं, बल्कि एक खतरनाक संप्रदाय है? **हम कब कुरान और इस्लाम के इतिहास को बारीकी से देखेंगे, ताकि यह समझ सकें कि आतंकवादी उग्रवादी नहीं हैं, बल्कि वे इस्लाम को मानने वाले सच्चे मुसलमान हैं, जो अपने 'पवित्र' पुस्तक के मूल संदेशों और अपने प्यारे रसूल द्वारा बनाई गई मिसालों पर चल रहे हैं?**

एक बार लोग इस्लाम में धर्मांतरित हो जाएं तो वे भ्रम, अज्ञान और भय के पाताल में प्रवेश कर जाते हैं, जहां विचित्र कल्पनाएं हकीकत का रूप लेती हैं और बुराई ईश्वरीय मानी जाती है। उनके जीवन मूल्य विघटित हो जाते हैं और वे उस तरीके से जीने लगते हैं, जिसे वे इस्लाम में दाखिल होने से पूर्व अप्रिय और अस्वीकार्य मानते थे। जितना ही वे इस भ्रष्ट तरीके से जीते हैं, उतना ही वे भीतर से कठोर होते जाते हैं और इस सीमा तक संवेदनहीन हो जाते हैं कि वास्तविक दुनिया में वापस लौटना उनके लिए लगभग असंभव हो जाता है।

**इस्लाम फालिज की उस बीमारी की तरह फैलता है, जो धीरे-धीरे शरीर के अंगों को बेकार कर देता है। यह धीरे-धीरे मन और आत्मा दोनों को भ्रष्ट कर देता है और तब तक ऐसा करता है, जब तक कि**

**मुसलमानों में उत्कृष्ट अर्थात जिहादी या साधारण भाषा में कहें कि आतंकवादी नहीं बना देता है। जिहादी या आतंकवादी अल्लाह और उसके रसूल का सबसे प्यारा जीव होता है।**

ॲशेरो इस परिघटना की विस्तृत मनोवैज्ञानिक व्याख्या प्रस्तुत करते हैं: 'विसंगति के सिद्धांत के अनुसार, जब इंसान कोई ऐसा कार्य या अनूभूति करता है, जो मनोवैज्ञानिक रूप से उसकी अवधारणा से असंगत होता है तो यह असंगति उसके भीतर एक अप्रिय तनाव की स्थिति पैदा करती है। फिर इंसान इस विसंगति को कम करने का प्रयास करता है, और ऐसा वह सामान्यत: अपने मनोभाव को बदलकर करता है, ताकि पूर्व के प्रतिकूल कार्य या धारणा को अधिकाधिक समायोजित कर सके। पीपुल्स टैम्पल की अनेकों घटनाएं इस प्रक्रिया के प्रकाश में देखकर समझी जा सकती हैं। जोन्स टाउन की भयावह घटनाओं का कारण केवल बल प्रयोग की धमकी नहीं थी, और न ही ये घटनाएं अचानक हुई थीं। ये घटनाएं ऐसी नहीं थी कि मानो लोगों के दिमाग में अचानक कुछ भर गया और वे विचित्र व्यवहार करने लगे। बल्कि, संज्ञानात्मक विसंगति के सिद्धांत के अनुसार, यहां ऐसा था कि लोग अपनी पसंद और प्रतिबद्धताओं को जायज ठहराने की कोशिश कर रहे थे। जैसे कि ऊंचाई से गिरता झरना जहां से शुरू होता है, वहां पानी केवल टपकता है और नीचे आते-आते वह तेज धारा में परिवर्तित हो जाता है, वैसे ही इंसान जब कदाचित तुच्छ कार्य करने की सहमति के साथ आगे बढ़ता है तो उसका परिणाम यह होता है कि आगे चलकर यही छोटी-छोटी गलतियां अतिवादी या घातक कार्य-व्यवहार में बदल जाती हैं। पीपुल्स टैम्पल में यह प्रक्रिया चर्च में शामिल कराने को लेकर चल रहे उपक्रम के प्रभाव के साथ शुरू होती थी और अपनी प्रतिबद्धताओं को सही ठहराने की प्रवृत्ति के साथ यह प्रक्रिया और तेज हो जाती थी। फिर इसके बाद अपने व्यवहार को चर्च के नियम-कायदों के मुताबिक ढालने की आवश्यकता पर जोर देकर इसके प्रभाव में जकड़ने की कोशिश की जाती थी।'

इस्लाम कबूल करने वाले नए लोग इस पर अमल करने में अक्सर तमाम परेशानियों का सामना करते हैं और इन परेशानियों को वे 'अल्लाह का इम्तहान' और 'स्वच्छ बनाने की प्रक्रिया' बताते हैं। यह शराब पीने और सुअर का मांस खाने से परहेज के साथ शुरू होता है। क्या खाएं, यह देखना और फिर खाने से पहले यह तय करना कि वह हलाल है या नहीं, मुसलमानों की स्वतंत्रता पर पहरा देने जैसा होता है। आदमी धीरे-धीरे औरतों से मिलनाजुलना बंद कर देते हैं और अपनी यौन इच्छाओं को दबाने की कोशिश करते हैं। ये सब बेहद दु:साध्य कार्य होते हैं, और इन्हें लगातार सायास करते रहने से ये सब दिमाग में घर कर जाते हैं, जिससे उनमें अपराधबोध की मन:स्थिति में जीने की आदत पड़ जाती है। यौन इच्छाओं को आसानी से दबाया नहीं जा सकता है। नतीजा यह होता है कि इनमें से अधिकांश लोगों में सैक्स के प्रति जुनून सवार हो जाता है। उनकी सारी मानसिक ऊर्जा भीतर के 'शैतान' के साथ संघर्ष में खर्च होने लगती है। जितना ही सैक्स को लेकर वे अपराध बोध से ग्रस्त होते हैं, उतना ही वे औरतों से नफरत करने लगते हैं, यह सोचकर कि औरतें उनको अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। इसके अलावा उनके ऊपर रोजाना दिन में पांच बार नमाज पढ़ने की बाध्यता भी होती है और नमाज भी ऐसी भाषा में पढ़नी होती है, जिसे अधिकांश समझते नहीं। यदि कोई नमाज उनसे छूट जाए तो उन्हें अपराध बोध से ग्रस्त कराया जाता है और इसके एवज में प्रतिपूरक नमाज थोप दी जाती है। इस तरह दिन में पांच बार गिनती करके इबादत करना मानसिक दासता का एक रूप है। कुरान को समझना आवश्यक नहीं होता, लेकिन पढ़ना और अक्षरश: याद करना अनिवार्य होता है। सबसे अधिक जोर कुरान की आयतों के सही उच्चारण पर होता है। कुरान में लिखी बातों पर सवाल करना अथवा इसकी आलोचना करने का मतलब मौत को दावत देना है। फिर ऐसी चीजों की लंबी फेहरिस्त होती है, जो

'अपवित्र' मानी जाती हैं और मुसलमान को इन चीजों से सख्त परहेज करना चाहिए। इन चीजों में जैसे कुत्ते, सुअर, पेशाब और काफिर (गैर-मुस्लिम) शामिल हैं।

मुसलमान को इन अपवित्र चीजों के बारे में अवश्य जानना चाहिए और इनके संपर्क में आने पर फौरन नहाना चाहिए। यदि यह कोई मुसलमान औरत है तो उसके लिए तो और अधिक पाबंदियां हैं। उसे अपना सिर ढंकना, ढीले-ढाले कपड़े पहनना और पसीने से तरबतर करने वाली गर्मियों में भी बुर्का पहनना, सिर से पांव तक बदन को ढंक कर रखना अनिवार्य होता है। प्रचंड गर्मी में भी इस्लामिक हिजाब पहनकर बाजार आदि जाने के लिए बाहर निकलना अपने आप में एक प्रकार की यातना है। इन सब अग्निपरीक्षाओं से गुजरते हुए मुसलमान का अपने मजहब में विश्वास मजबूत होता है और वे इस्लाम को और अधिक महत्व देने लगते हैं। मुसलमानों को लगता है कि इस जीवन में जितना कष्ट उठाएंगे, मरने के बाद जन्नत में उतना ही सुख पाएंगे। **मुसलमान औरतों को हमेशा अपने परिवार के मर्दों का हुक्म मानना चाहिए, उन्हें हमेशा मर्दों के आगे झुककर और आदरपूर्वक रहना चाहिए। वे डराई-धमकायी जाएंगी, अपमानित की जाएंगी, मारी-पीटी जाएंगी, उनका बलात्कार किया जाएगा और कत्ल भी कर दिया जाएगा, पर उनके लिए कानूनी या सामाजिक सुरक्षा की उम्मीद न के बराबर होगी।**

इस्लाम मुसलमानों के लिए इसलिए कीमती है, क्योंकि वास्तव में इसकी राह पर चलना बहुत कष्टकारी है। ऑशेरो ने इस परिघटना के मनोविज्ञान की व्याख्या इस तरह की है: 'उदाहरण के लिए, पीपुल्स टैम्पल के संभावित सदस्य के प्रारंभिक दौरे पर विचार करें। जब किसी समूह में प्रवेश को प्रेरित करने के लिए किसी व्यक्ति के मन में लगातार बीजारोपण किया जाता है तो वह व्यक्ति समूह को अधिक आकर्षक मानकर उसके बारे में सुखद कल्पना करने लगता है, ताकि समूह में शामिल होने के बाद उसे जो दु:साध्य श्रम करने होंगे अथवा कष्ट सहना होगा, उसका औचित्य साबित कर सके।' एरोन्सन एंड मिल्स[362] ने प्रदर्शित किया कि एक परिचर्चा समूह में शामिल होने के लिए जिन छात्रों ने अधिक परेशानियां सहीं, उन्होंने परिचर्चा के वार्तालाप को काफी रुचिकर माना (जबकि वास्तव में ये वार्तालाप काफी नीरस था)। वहीं उन छात्रों को परिचर्चा उतनी रुचिकर नहीं लगी, जिन्हें इसमें बिना किसी परेशानी के प्रवेश मिल गया था। इनमें किसी भी परिस्थिति में मकसद पर नजर रखने के लिए खुद पर बीत रही बातों को जायज ठहराने की प्रवृत्ति भर नहीं होती है, बल्कि कष्टदायी जीवन की राह पर चलने का अनुभव उनके उस इंसान के लिए बेचैनी और दर्द के बोध के भाव को बदल देता है। जिम्बारदो[363] और उनके सहयोगियों ने प्रदर्शित किया कि जब लोग उस प्रक्रिया में सम्मिलित होने के लिए अपनी इच्छा से आगे बढ़े, जिसमें बिजली के झटके दिए जाने थे, तो इनमें से उन लोगों को झटकों से दर्द का अहसास कम हुआ, जो यह सोच रहे थे कि उनके पास इस मामले में और भी विकल्प थे। और सटीक भाषा में कहें तो उन लोगों ने इसकी पीड़ा की तीव्रता कम होने का अहसास जताया, जिन्होंने यह पीड़ा सहने की खुद की मानसिक तैयारी जानने के लिए बाह्य औचित्य का सहारा न के बराबर लिया था और अधिक विसंगति का अनुभव किया था। इससे यह उनके हावभाव और मौखिक विवरण से परे हो गया, इस कार्य में उनका प्रदर्शन लगभग बाधारहित रहा और त्वचा में करंट की प्रतिक्रिया जानने वाले मनोवैज्ञानिक यंत्र पर माप की रीडिंग कुछ हद तक निम्न रही। इस प्रकार विसंगति कम करने की प्रक्रिया दोधारी हो सकती है: यदि कोई व्यक्ति अपनी इच्छा से उचित मार्गदर्शन में कठिन दीक्षा प्राप्त करने के लिए तैयार होता है तो वह न केवल अंत तक इस कष्टसाध्य प्रक्रिया का पालन करेगा, बल्कि इस प्रक्रिया में अपनाए गए साधनों की प्रतिकूलता को भी अनुकूलता की तरह देखना शुरू कर देगा: हमने देर तक चलने वाली नीरस बैठकों में रस लेना शुरू कर दिया,

www.babaisraeli.com

क्योंकि हमें बताया गया था कि आध्यात्मिक उन्नति आत्मत्याग से आती है।' (मिल्स, 1979)

यह दर्शाता है कि मुसलमान क्यों यातना सहने के लिए अपनी इच्छा से तैयार होते हैं, क्यों इन यातनाओं के प्रति कृतज्ञ महसूस करते हैं और क्यों इन्हें वे रहमत (कृपा) मानते हैं। ये सब कष्ट बड़ा पुरस्कार पाने के लिए छोटी कुर्बानी के रूप में देखा जा सकता है। जितनी बड़ी कुर्बानी होगी, उतना ही बड़ा इनाम होगा। भक्ति का अतिवादी रूप आशूरा के महीने में देखा जा सकता है, जब शिया मुसलमान अपनी छातियां पीटते हैं, अपनी पीठ पर लोहे की चेन से मारते हैं, और अपने माथे को चाकू से चीरकर खूब खून बहाते हैं। इस तरह, वे अपने ही खून में सनकर जुलूस निकालते हैं, जिससे दांते द्वारा की गई जहन्नुम की व्याख्या की तस्वीर जहन में ताजी हो जाती है। मुसलमान के लिए पांच वक्त की अनिवार्य नमाज के अलावा एक माह रोजा रखना और दिनभर पानी नहीं पीना और अन्य कष्टकारी मजहबी क्रियाकलाप करना अनिवार्य है। अपनी आय का पांचवां हिस्सा मस्जिद को खुम्स (सामुदायिक कर) के रूप में देने के अलावा मुसलमान जकात के रूप में दान देने के लिए प्रोत्साहित किए जाते हैं।

मुहम्मद ने अपने अनुयायियों को जिहाद करने और गैर-मुस्लिमों की संपत्ति लूटने का निर्देश दिया था। इससे उन मुसलमानों में परेशानी का भाव पैदा होता है, जो अभी भी थोड़ा-बहुत मानवता के संपर्क में हैं। ये लोग सोचते हैं कि क्या लूट के जरिए कमाया गया धन जायज हो सकता है? मुहम्मद का कहना था कि डकैती या लूट के जरिए कमाया गया धन जायज होगा, यदि वे लूट के माल का पांचवां हिस्सा उसे दे दें। उसने अपने कठपुतली अल्लाह के मुंह से खुद को हुक्म दिलाते हुए यह आयत कहलवाई:

(ऐ रसूल) तुम उनके माल की ज़कात लो (और) इसकी बदौलत उनको (गुनाहों से) पाक साफ करो।[364]

जैसा कि पूर्व में बताया गया है कि **यहूदियों के नरसंहार और समाप्त होने के बाद मदीना में न कोई उद्योग-धंधे बचे थे और न ही उस शहर में कुछ पैदा होता था। इस शहर में धन डकैती डालने और अरब के दूसरे कबीलों के साथ लूटपाट करने से आता था। यहां के मुसलमान मुहम्मद के हमलों की योजना पर काम करते हुए लूटपाट पर ही निर्भर थे। खुम्स देने की रिवायत रसूल ने इसलिए बनाई थी, ताकि पाप से कमाए गए धन को पाकसाफ बनाया जा सके और साथ ही इस कथित पवित्र रसूल का खजाना भरा जा सके और उसके बिस्तर तक नई औरतों की आपूर्ति की जा सके।** आज मुसलमान भले ही सम्मानजनक पेशों से धन कमा रहे हों, पर उनके लिए खुम्स और जकात देना अनिवार्य है। मुसलमानों को बार-बार याद दिलाया जाता है कि उन्हें अपनी कमाई अल्लाह की राह में खर्च करना चाहिए: 'और अल्लाह की राह में खर्च करो। अपने हाथों अपनी जान हलाकत में न डालो और नेकी करो, बेशक खुदा नेकी करने वालों को दोस्त रखता है (कुरान.2:195)।' मुसलमानों को उकसाया जाता है कि 'वे अपने जान और माल से मजहब के लिए लड़ें। (कुरान.8:72)'

जिन्होंने मुहम्मद में भरोसा किया और उसके लिए जंग लड़ने गए, उन्हें मुहम्मद ने सांसारिक अय्याशियों के साधन से भरपूर एक ऐसी जन्नत का ख्वाब दिखाया था, जिसमें ये लोग नंगा नाच कर सकते थे। जन्नत और असीमित सैक्स करने की सुविधा तक पहुंचाने की गारंटी हासिल करने के लिए किसी को बस इतना करना होता है कि अपना बुद्धि-विवेक खत्म कर तर्क करना छोड़ दे और मुहम्मद द्वारा कही गई बातों पर अंधा होकर भरोसा करे। जब कोई व्यक्ति इस्लाम या किसी अन्य संप्रदाय में भर्ती होता है तो धीरे-धीरे उसे समझाया जाने लगता है कि उसके पास जो भी धन और समय है, वह संप्रदाय को दे। शीघ्र ही यह व्यक्ति इन सबमें इतना लीन हो जाता है कि उसके लिए ये सब छोड़ पाना न केवल कठिन हो जाता है, बल्कि खतरनाक हो जाता है।

जब किसी को पता चलता है कि उसे इतना गहरा धोखा मिला है तो यह पीड़ा इतनी भयावह होती है कि व्यक्ति इस सच का सामना नहीं करना चाहता।

ऑशेरो व्याख्या करते हैं: 'एक बार जुड़ने के बाद सदस्य पाता था कि पीपुल्स टैम्पल के प्रति समर्पित उसके जीवन की ऊर्जा और समय लगातार बढ़ता जा रहा है। हर सप्ताह के आखिरी दिन और शाम सेवा कार्य और सभाओं में बीत जाते थे। जो थोड़ा-बहुत समय बच जाता था वो टैम्पल की परियोजनाओं पर काम करने और राजनेताओं व प्रेस को चिट्ठियां लिखने में खर्च हो जाता था। अपेक्षित वित्तीय योगदान ऐच्छिक दान (हालांकि सारे दान का रिकार्ड रखा जाता था) आय के एक चौथाई हिस्से को दान करने की बाध्यता में बदल गई। अंत में सदस्य से उम्मीद की जाती थी कि वह अपनी सारी व्यक्तिगत संपत्ति, बचत, सामाजिक सुरक्षा चैक और इस तरह की अन्य चीजों को टैम्पल को सौंप देगा। सेवा कार्य में लगने से पूर्व सदस्य को एक मेज के पास रुककर अपनी कमियां बताते हुए चिट्ठी लिखनी पड़ती थी अथवा एक सादे कागज पर दस्तखत करना पड़ता था, जो चर्च के समक्ष खोली जाती थीं। यदि कोई ऐसा करने पर आपत्ति जताता था तो उसके इंकार की व्याख्या जोन्स में 'विश्वास की कमी' के सूचक के रूप में की जाती थी। प्रत्येक नई मांग के दो परिणाम होते थे: व्यवहारिक रूप से, यह उस व्यक्ति को टैम्पल के जाल में और फंसा लेता था तथा समूह को छोड़ना और कठिन हो जाता था, अथवा व्यवहार के स्तर पर, यह उपरोक्त अपने कार्य-व्यवहार को स्वयं ही उचित ठहराने की प्रक्रिया को और तेज कर देता था। जैसा कि मिल्स (1979) वर्णन करते हैं: 'हमें दर्दनाक वास्तविकता का सामना करना पड़ता था। जिम ने मांग की कि हम जीवन बीमा पॉलिसी को बेच दें और उससे मिली राशि को चर्च के नाम कर दें और ऐसा ही हुआ। हमारी संपत्तियां हमसे ले ली गईं। विदेशी मिशन पर जाने का हमारा सपना लुट गया था। हमने खुद को पहले ही अपने अभिभावकों से दूर कर लिया था, यह बताकर कि हम देश छोड़ रहे हैं। यहां तक कि जिन बच्चों को हमने कैरल व बिल की देखरेख में छोड़ रखा था, वे भी खुले तौर पर हमें दुश्मन मानने लगे थे। जिम ने ये सब देखते-देखते कर डाला! हमारे पास अब जिम और उसके मकसद के अलावा कुछ नहीं बचा था। इसलिए हमने भी इन्हीं दोनों में सिमट कर इन्हीं पर सारी ऊर्जा लगाने का तय कर लिया।'

ऐसा ही शुरुआती मुसलमानों के बारे में भी कहा जा सकता है। जो मुहम्मद की बातों में आकर शरणार्थी के रूप में मदीना चले आए थे, उनके पास कुछ नहीं बचा था, जिसके सहारे वे जिंदा रह पाते। उनके पास कोई काम-धंधा नहीं था और न ही घर था। मुहम्मद ने अंसारों (मददगार, मदीना में रहने वाले मुसलमान) से कहा कि उनके पास जो है, उसे मक्का से आए उसके लोगों में बांटें। निश्चित रूप से ऐसा करना किसी भी पक्ष के लिए आसान नहीं था। बड़ी संख्या में प्रवासी मस्जिद में रहते थे।

एक कौतुहल भरी कहानी है, जिसमें एक अंसार अपनी बीबी को अप्रवासी को सौंप देता है:

अब्दुल रहमान बिन औफ़ ने कहा, जब हम प्रवासी के रूप में मदीना आए तो अल्लाह के रसूल ने मेरे और साद बिन अर-रबी के बीच बंधुत्व की भावना पैदा की। साद बिन अर-रबी ने मुझसे कहा, 'मैं अंसारों में सबसे अधिक अमीर हूं। इसलिए मैं तुम्हें अपनी आधी संपत्ति दे दूंगा। तुम मेरी दोनों बीबियों को देख लो और इनमें से जिसे तुम चुनोगे, उसे मैं तलाक दे दूंगा। जब नियत समय (इद्दत) पूरी हो जाए तो तुम उससे शादी कर लेना।'

'कुछ दिन बाद अब्दुल रहमान आया तो उसके बदन से हल्की-हल्की खुशबू आ रही थी। अल्लाह के रसूल ने उससे पूछा कि क्या उसने शादी कर ली? उसने कहा, हां। रसूल ने पूछा, 'किससे शादी की?' उसने जवाब दिया,

'अंसार की एक औरत से।''[365]

मुसलमान इस किस्से को अक्सर सुनाकर बताते हैं कि मुहम्मद ने मुसलमानों के बीच में बंधुत्व की भावना कैसे कायम की थी। पर यह किस्सा यह भी दिखाता है कि मुसलमानों पर कट्टरता इस कदर हावी हो चुकी थी कि वे अपनी निजता और अपनी शादी की पवित्रता को नष्ट कर देते थे। उनकी आजादी और स्वावलंबन सबकुछ छिन चुका था। अधिकतर मामलों में वे अपनी आजादी इच्छा से त्याग देते थे। अगर किसी को इस विकट स्थिति का अहसास भी हो जाता था तो वह इसके बारे में किसी से बात करने की हिम्मत नहीं जुटा पाता था। प्रवासी वापस जा नहीं सकते थे। असंतोष जाहिर करना सबसे बड़ा अपराध माना जाता था। अंसार किसी से इस तरह की बात नहीं कर सकते थे। कोई भी मुखबिर हो सकता था। वे अगले ही दिन कत्ल किए जा सकते थे। ऐसे जुनूनी मुसलमानों की कमी नहीं थी, जो खुशी से अपने किसी असंतुष्ट साथी का कत्ल कर दें। जैसा कि आज भी होता है, अधिकतर मुसलमान बड़ी प्रसन्नता से किसी ऐसे व्यक्ति की हत्या कर देते हैं, जो इस्लाम के खिलाफ एक शब्द भी कहता है। जो इस विकट स्थिति को देख पा रहे थे, उनके पास भी चुप रहने और जो हो रहा है, उसे देखते रहने के अलावा कोई चारा नहीं था। एक हदीस में लिखा है:

एक अंधे आदमी के पास एक लौंडी (गुलाम औरत) थी, जो रसूल को बुरा-भला कहती रहती थी और उन्हें नीचा दिखाती रहती थी।... तो उस आदमी ने खंजर लिया और उस औरत की छाती पर चढ़कर बैठ गया। फिर उसने उसके पेट में खंजर उतार दिया। वह औरत मर गई। एक बच्चा उस औरत के पैरों के बीच में था और वह भी वहां पड़े खून से सना हुआ था। अगले दिन सुबह, यह खबर रसूल तक पहुंची। उन्होंने सबको बुलाया और उस अंधे को भी बुलाया गया। उससे पूछा गया कि उसने इतनी जघन्यता से कत्ल क्यों किया। वह आदमी भय से कांप रहा था। उसने कहा, 'मैं उस औरत का मालिक हूं। वह आपके बारे में गलत बोलती थी, आपको नीचा दिखाती थी। मुझे उससे दो मोती जैसे बेटे हैं और वह मेरी साथी थी। पिछली रात वह आपको गाली देने लगी और आपकी हंसी उड़ाने लगी। इसलिए मैंने खंजर लिया और उसके ऊपर चढ़कर पेट में तब तक भोंकता रहा, जब तक वह मर नहीं गई।' इस पर रसूल ने कहा, 'अरे, फिर तो सनद रहे, उस औरत के खून के बदले कोई सजा नहीं दी जानी चाहिए।'[366]

एक आदमी ने दो-दो हत्याएं की और अपने बचाव में यह कह दिया कि उस औरत ने रसूल का अपमान किया है और मुहम्मद ने उसे छोड़ दिया। इस प्रकार के आतंक के माहौल में कोई मुहम्मद की बात मानने से इनकार कैसे कर सकता था? क्या पता इस आदमी ने सजा से बचने के लिए झूठ बोल दिया हो? मुहम्मद इस घटना के जरिए जो पैगाम देना चाहता था, वह स्पष्ट था कि उसका अपमान जो करेगा, उसे मरना होगा और ऐसे व्यक्ति की हत्या करने वाला व्यक्ति आरोपी नहीं माना जाएगा। आप कल्पना कर सकते हैं कि इस घटना के आधार पर दुनिया में कितनी सारी हत्याएं की गई होंगी।

आज भी, मुस्लिम देशों में निजी रंजिश में अल्पसंख्यकों की हत्याएं कर दी जाती हैं और हत्यारे के सिर्फ इतना कह देने भर से उसे मामूली सजा देकर छोड़ दिया जाता है कि पीड़ित ने रसूल का अपमान किया था। पाकिस्तान की दंड संहिता की धारा 295-सी कहती है: 'जो कोई भी, शब्दों के द्वारा, या मौखिक या लिखित रूप में, या दृश्यीय निरुपण के माध्यम से, या किसी अभियोग, व्यंग्य या आक्षेप के जरिए, प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से पाक रसूल मुहम्मद के पाक नाम का अपमान करता है, मौत की सजा का हकदार होगा और अर्थदंड के लिए भी जिम्मेदार होगा।'

मुहम्मद अपनी इच्छाओं को प्रकट करने में संकोच नहीं करता था। एक हदीस में लिखा है कि उसने कहा:

'तुममें से कोई भी तब तक ईमान वाला नहीं होगा, जब तक कि अपने पिता, अपने बच्चों और सभी मानवजाति से अधिक मुझे प्यार नहीं करेगा।'[367] वह प्रमुखता और महत्व पाने के लिए इतना अधीर रहता था कि जब अरब का एक समूह उससे भेंट करने आया और उसके सामने उस सम्मान से पेश नहीं आया, जैसा कि वह अपेक्षा करता था तो उसने अपने अल्लाह से कहलवाया:

ऐ ईमान वालो! बोलते समय अपनी आवाजें रसूल की आवाज़ से ऊंची न किया करो और जिस तरह तुम आपस में एक दूसरे से जोर–जोर से बोला करते हो, उनके सामने ऐसे जोर से न बोला करो। ऐसा न हो कि तुम्हारा किया कराया सब व्यर्थ चला जाए और तुमको खबर भी न हो (कुरान.49:2)। बेशक जो लोग अल्लाह के रसूल के सामने अपनी आवाजें धीमी कर लिया करते हैं, वे यही लोग हैं जिनके दिलों को अल्लाह ने परहेजगारी के लिए जांच लिया है: उनके लिए (आखिरत में) माफी और बड़ा इनाम है (कुरान.49:3)। ऐ रसूल जो लोग तुमको हुजरों के बाहर से आवाज देते हैं, उनमें से अधिकतर बेअक्ल हैं (कुरान.49:4)।

## परम बलिदान की मांग

जिंदगी और मौत पर नियंत्रण करना किसी नार्सिसिस्ट का सबसे बड़ा नशा होता है। जीवन और मृत्यु ईश्वर के हाथों में होती है। नार्सिसिस्ट जीवन नहीं दे सकता है। हालांकि वह लोगों को फर्जी चमत्कारों के जरिए ठीक करने का बहाना बनाता है। पर यदि वह किसी को मौत दे सकता है तो उसे लगता है कि वह ईश्वर जैसा है। नार्सिसिस्ट संप्रदाय का नेता अपने अनुयायियों को न केवल परम बलिदान देने के लिए प्रोत्साहित करता है, बल्कि अपने विरोधियों की हत्या के लिए भी उकसाता है।

ॲशेरो कहते हैं: 'आखिरकार, जिम जोन्स और उसके उद्देश्य को सदस्यों की जिंदगी की कुर्बानी लेने की आवश्यकता पड़ गई।'

संप्रदाय के नेता अपनी आज्ञा के अनुपालन को लेकर इतने जुनूनी होते हैं कि वे अपने अनुयायियों से सबकुछ त्याग, यहां तक कि जीवन को भी त्याग कर, निष्ठा से सिद्ध करने की मांग करने लगते हैं। इस तरह की मांग के पीछे मकसद का वास्ता देना केवल बहाना होता है। कुरान शहीद होने वालों को जन्नत में बड़े इनाम का वादा करता है और मुसलमानों को प्रेरित करता है कि वे मुहम्मद के लक्ष्य के लिए अपने जीवन का बलिदान दें।

और जो लोग अल्लाह की राह में शहीद किए गए उन्हें हरगिज मुर्दा न समझना, बल्कि वह लोग जीते जागते मौजूद हैं, अपने परवरदिगार की तरफ से वह तरह–तरह की रोजी पाते हैं (कुरान.3:169)। और ख़ुदा ने जो फ़ज़्ल व करम उन पर किया है, उसकी ख़ुशी से वे फूले नहीं समाते। और जो लोग उनसे पीछे रह गए और उनमें आकर शामिल नहीं हुए उनकी निस्बत ये खयाल करके ख़ुशियां मनाते हैं कि (ये भी शहीद हों तो) उन पर न किसी किस्म का खौफ होगा और न दुखी होने का कारण होगा (कुरान.3:170)।[368]

शहीद को मिलने वाले इनाम के बारे में हदीस भी है:

रसूल ने कहा, 'जन्नत में अल्लाह ने मुजाहिदीन (मुसलमान लड़ाके) के लिए सौ गुना ऊंचे दर्जे का इनाम रख रखा है, जो अल्लाह की राह में लड़कर शहीद होते हैं।'[369]

रसूल ने कहा, 'जन्नत में पहुंचने के बाद कोई भी दोबारा धरती पर लौटकर नहीं आना चाहता, भले ही धरती पर उसको सबकुछ मिले, सिवाय मुजाहिद के, जो इस दुनिया में वापस आना चाहता है, ताकि वह दस बार शहीद हो सके, उस सम्मान के लिए जो उसे अल्लाह की ओर से मिलता है।'[370]

हमारे रसूल ने हमें हमारे मालिक का पैगाम सुनाया है कि 'हममें से जो कोई भी शहीद के रूप में मारा जाएगा, वह सीधे जन्नत जाएगा।' उमर ने रसूल से पूछा, 'क्या यह सच नहीं है कि हमारे आदमी जो मारे जाते हैं, वे जन्नत जाएंगे और उनके आदमी (मूर्तिपूजकों की ओर से शहीद होने वाले) जहन्नुम की आग में जलाए जाएंगे?' रसूल ने कहा, 'हां, यह सच है।'[371]

ॲशेरो आश्चर्यचकित होते हुए कहते हैं: 'वह कौन सी बात होती है, जिससे लोग अपने बच्चों और खुद को खत्म करने का कदम उठाने को प्रेरित हो जाते हैं?' अलग परिप्रेक्ष्य में देखें तो यह तस्वीर बिलकुल अविश्वसनीय मालूम होगी। पर वास्तव में, पीपुल्स टैम्पल में तस्वीर पहली नजर में ऐसी ही दिखती थी, जहां बहुत सारे लोग अपना समय, धन और यहां तक कि अपने बच्चों का नियंत्रण टैम्पल के लिए छोड़ देते थे। जोन्स युक्तिसंगत बनाने की उस प्रक्रिया का लाभ लेता था, जिसमें लोग उद्देश्य के प्रति आस्था और सुदृढ करने तथा इससे होने वाली हानि के बारे सोचना बंद करने के जरिए अपनी प्रतिबद्धता के औचित्य को स्वयं ही सिद्ध करने की ओर बढ़ने लगते हैं।'

जैसा कि हम देख सकते हैं कि मुहम्मद ने इसे भी कुशलतापूर्वक आजमाया था। वह अपने अनुयायियों को भरोसा दिलाता था कि वह उसका मकसद बहुत महत्वपूर्ण है और यह कि वे सब उसमें (मुहम्मद) भरोसा करने और उस अल्लाह की इबादत करने के एकमात्र उद्देश्य के लिए पैदा किए गए हैं, जो केवल उसके (मुहम्मद) माध्यम से ही बोलता है। 'और मैंने जिन्नों और आदमियों को इसी ग़रज़ से पैदा किया कि वह मेरी इबादत करें। (कुरान.51:56)' हदीस कुदसी के मुताबिक (मुसलमान इसे बिलकुल सत्य मानते हैं) जिंदगी का मकसद अल्लाह को जानना और उसकी इबादत करना है और निश्चित रूप से ऐसा करना उसके रसूल मुहम्मद के माध्यम से ही मुमकिन है। उसने (अल्लाह) उन लोगों के लिए बड़े पुरस्कार का वादा किया है, जो उसके लिए अपना सबकुछ छोड़ देते हैं और उन्हें कभी न खत्म होने वाली यातना देने की धमकी दी है, जो उसके निराधार दावों पर शक करते हैं।

इस प्रकार की मन:स्थिति में, उसके अंधे बन चुके अनुयायी उसके लिए सबकुछ छोड़ने को तैयार हो गए। वे अपने पिता और भाइयों के खिलाफ ही जंग करने और उनकी हत्या करने या उनके हाथों मरने को तैयार थे। अन्य संप्रदायों के अनुयायियों की तरह ही मुसलमान निर्दोष लोगों के अपहरण और सिर काटने, नागरिकों पर बम गिराने और हजारों की संख्या में उनका नरसंहार करने सहित सभी तरह के अपराधों को जायज और तर्कसम्मत ठहराते हैं। अपने मकसद पर इनका विश्वास इतना मजबूत होता है कि इसके आगे सबकुछ व्यर्थ लगने लगता है।

## मुसलमानों को वश में कर लेना

उदारवादी मुसलमान से आतंकवादी बनने तक का सफर एक धीमी और अक्सर पकड़ में न आने वाली प्रक्रिया है। मुसलमान बनने वाला नया व्यक्ति निस्संदेह उदार होता है। पहले इन्हें 'इस्लाम की खूबसूरती' बताई जाती है। इन्हें बताया जाता है कि इस्लाम एक आसान मजहब है, शांति का मजहब है, एक अल्लाह की इबादत और समानता का मजहब है। इन्हें विश्वास दिलाने की कोशिश की जाती है कि इस्लाम अन्य धर्मों, विशेषकर यहूदी धर्म और ईसाई धर्म को भी मान्यता देता है, क्योंकि ये दोनों धर्म भी अद्वैतवादी हैं। इस्लाम इन धर्मों के मानने वालों से केवल इसलिए असहमत रहता है, क्योंकि इन लोगों ने अपने धर्म को भ्रष्ट कर दिया है। फिर इनके मन में यह भरा जाता है कि इस्लाम ही वह एकमात्र मजहब है, जो दूषित नहीं हुआ है। इसलिए यह इकलौता धर्म है, जिसे अल्लाह स्वीकार करता है। जो इस्लाम में विश्वास नहीं करते हैं, वे सत्य (अल्लाह) को नकारते हैं और वे बर्बाद अभागे और

पापी हैं। फिर इनसे कहा जाता है कि कुरान के ईसा और मूसा वे नहीं हैं, जो बाइबिल में जीसस और मूसा के रूप में उल्लिखित हैं। नए मुसलमान धीरे-धीरे दूसरे धर्मों के लोगों को अल्लाह के दुश्मन के रूप में देखने लगते हैं और उनके प्रति मन में नफरत पालने लगते हैं। फिर इनको सिखाया जाता है कि केवल मुसलमान ही एक-दूसरे के भाई हैं और दूसरे लोग केवल भाई होने का दिखावा करते हैं। जैसे-जैसे आपका ब्रेनवाश होता जाता है, आप खुद को पीड़ित के रूप में देखना शुरू कर देते हैं। आप अपनी पहचान खो देते हैं। आप अदृश्य उम्मत (अल्लाह के गुलाम) के गुमनाम हिस्से बन जाते हैं। किसी चीज को देखने का आपका नजरिया बदल जाता है। प्रतिदिन आपके भीतर 'हम' बनाम 'वे' की भावना बढ़ती जाती है। आपकी नजर में 'वे' बुरे लोग होते हैं, अल्लाह के दुश्मन और आलोचक होते हैं। 'वे' अत्याचारी और गलत काम करने वाले होते हैं। जो भी मुसलमान नहीं है और खासकर आपके ब्रांड वाले इस्लाम को नहीं मानता है, वह उस 'वे' का हिस्सा है। 'हम' यानी जिन पर अत्याचार हुआ है, जिनके साथ अन्याय हुआ है और जो पीड़ित हैं। 'हम' सच्चे मुसलमान होते हैं, जो अल्लाह की मर्जी से चलते हैं और अल्लाह की राह में काम करते हैं। इन सबके बाद आप यह विश्वास करना शुरू कर देते हैं कि आप का विश्वास और आपका वह मजहब ही सत्य है, जो कहता है कि लड़ो, उन दुश्मनों को मार डालो, जो तुम्हें सताते हैं और उनके साथ कड़ाई से पेश आओ। आपको बताया जाता है कि अल्लाह आपको फतह दिलाएगा और आपको कभी समाप्त न होने वाला कामुक आनंद देगा। यह सब सुनने के बाद 'उदारवादी मुसलमान' रातोंरात एक चरमपंथी और आतंकवादी बन सकता है। **जब तक मुसलमान इस्लाम में विश्वास करते रहेंगे, उनमें से प्रत्येक के भीतर आतंकवादी बनने की संभावना बनी रहेगी।**

**इस्लाम अपने मानने वालों को अल्लाह के नाम पर गैर-मुस्लिमों का कत्ल करने का हुक्म देता है। इस्लाम में यह पवित्र कर्तव्य अद्वितीय है। वास्तव में, अल्लाह कहता है कि वह सबसे अधिक मुजाहिदीन (मुसलमान लड़ाकों) को प्यार करता है। मुसलमानों में मुजाहिदीन सर्वोत्तम होते हैं। ये जन्नत में अनंतकाल तक सर्वाधिक लज्जतदार और कामुक सुविधाओं का भोग करेंगे।** उदारवादी मुसलमान पाखंडी और अपने मजहब में कमजोर होता है। धीरे-धीरे दिमाग को दीक्षित करना सभी संप्रदायों की मॉडस ऑपरेंडी (कार्यप्रणाली) होती है। इस मॉडस ऑपरेंडी में संप्रदायों के वास्तविक सच और एजेंडे को छिपा हुआ रखा जाता है और सदस्यों को धीरे-धीरे भरा जाता है। संप्रदाय के कट्टर सदस्य बाहर की दुनिया में अलग बात कहते हैं, जबकि अपने लोगों के बीच दूसरी बात कहते हैं।

ॲशेरो लिखते हैं: 'जितना जोन्स सदस्यों से अपनी अपेक्षाएं बढ़ा रहा था, उतना ही वह सदस्यों के समक्ष 'सबसे बड़ी दीक्षा' के लिए लोगों को तैयार करता जा रहा था।' उसने अनुयायियों को अपने नियमों-कानूनों के और निकट लाने के लिए इनके द्वारा पहले दिखाई गई प्रतिबद्धता से मिली ताकत का प्रयोग किया। जैसा सामाजिक मनोविज्ञानी और सेल्स के लोगों ने पाया है कि यदि आप किसी के यहां जाएं और वह आपको अपने दरवाजे पर खड़ा होने की अनुमति दे दे तो यह मानकर चलना चाहिए कि वह इंसान आपकी बात मानने को भी तैयार हो जाएगा।[372] आपको बस इतना करना होगा है कि शुरुआत में उस अतार्किक बात को भी तुलनात्मक रूप से सामान्य दिखाइए। ऐसा करने से सामने वाले व्यक्ति का व्यवहार आपके प्रति और सहज हो जाएगा और वह आपकी दूसरे निवेदन को मानने में सहजता महसूस करेगा।'

ॲशेरो इसके बाद व्याख्या करते हैं कि जोन्स किस तरह धीरे-धीरे अपने अनुयायियों को सामूहिक आत्महत्या करने के लिए तैयार कर रहा था। 'उसने सदस्यों की उस धारणा को कमजोर करना शुरू किया कि मृत्यु से डरना

चाहिए और उससे लड़ना चाहिए। जोन्स ने इसके लिए बाकायदा कई बार आत्महत्या का पूर्वाभ्यास कराया। यह अनुयायियों की आस्था और मौत तक जोन्स का अनुसरण करने की इच्छा का परीक्षण था। जोन्स लोगों से पूछता था कि क्या वे मरने के लिए तैयार हैं और कई मौकों पर वह अपनी इच्छाओं के अनुपालन के लिए वोटिंग कराकर लोगों से ही अपना भाग्य तय कराता था। समूह के एक पूर्व सदस्य ने याद करते हुए कहा कि एक बार जोन्स मुस्कराया और बोला, 'अच्छा, यह एक अच्छा सबक है। मैं देख रहा हूं कि तुम लोग मृत नहीं हो।' उसने यह अहसास कराने की कोशिश की कि हमें आधा घंटा अपने भीतर झांककर गंभीर चिंतन करना चाहिए। हम सब उसके प्रति पूर्णत: समर्पित और स्वयं गर्व का अनुभव कर रहे थे। जोन्स ने हमें उपदेश दिया कि अपनी आस्था पर मर-मिटना इंसान का विशेषाधिकार होता है और यही वह चीज है, जो हम करते आ रहे हैं।'[373]

**मुहम्मद ने आत्महत्या की वकालत नहीं की। बल्कि इसके बजाय उसने शहादत की अपार प्रशंसा की। अल्लाह का रसूल जोन्स के मुकाबले अधिक उपयोगितावादी था। आत्महत्या उसके लिए किसी काम की नहीं थी। अनुयायियों को जिंदा रखना उसकी आवश्यकता थी, ताकि वे उसके लिए जंग लड़ सकें। उसने शहादत और जंग के मैदान में मौत का महिमामंडन किया।**

मुहम्मद के उपयोगितावाद की प्रशंसा इस अर्थ में भी की जा सकती है कि जहां जोन्स व अन्य संप्रदायों के नेताओं ने आत्महत्या की और अपने अनुयायियों के साथ मर गए, वहीं मुहम्मद जंग के मैदान में स्वयं लड़ने बहुत कम गया।

कोई भी स्वस्थ चित्त मनुष्य अल्लाह के नाम पर जंग छेड़ने और निर्दोष लोगों का कत्ल करने को पागलपन ही कहेगा, पर कोई मुसलमान और यहां तक कि एक भी तथाकथित उदारवादी मुसलमान इस्लाम की इस गंदगी को देख नहीं पाता है। जिहाद इस्लाम का महत्वपूर्ण स्तंभ है और जो मुसलमान इससे असहमत होता है, उसे मजहब से बेदखल कर दिया जाता है। इसलिए **'उदारवादी मुसलमान' नामक शब्द विरोधाभाषी है। ऐसा कोई भी इंसान उदारवादी नहीं कहा जा सकता है, जो गैर-मुस्लिमों के कत्ल की विचारधारा का समर्थन करता है। आतंकवादी मुसलमान और उदारवादी मुसलमान के बीच सिर्फ इतना फर्क होता है कि पहला यानी आतंकवादी जिहाद ( जंग ) छेड़ना चाहता है, जबकि दूसरा यानी उदारवादी सोचता है कि जब तक मजबूत न हो जाओ, इंतजार करो और जब ताकतवर हो जाओ तो जिहाद करो।** सैद्धांतिक रूप से कोई मुसलमान जिहाद की अवधारणा से असहमत नहीं हो सकता है।

कैसे करोड़ों लोग या कहें तथाकथित स्वस्थचित्त लोग, इस प्रकार के उन्माद में विश्वास कर सकते हैं ? इसका उत्तर फिर से जोन्सटाउन में पाया जा सकता है।

ॲशेरो लिखते हैं: 'टैम्पल को जोन्सटाउन में स्थानांतरित किए जाने के बाद सामूहिक आत्महत्या का पूर्वाभ्यास, जिसे 'द व्हाइट नाइट' कहा जाता था, दोहराया जाने लगा था। एक ऐसा अभ्यास जो पागलपन दिखता था, पर बार-बार किया जाता था और पीपुल्स टैम्पल के सदस्य इन अभ्यासों को उचित मानते थे।'

पीपुल्स टाउन के सदस्य सामान्य लोग थे। वे पागल या उन्मादी नहीं थे। हालांकि, इन्होंने अपना बुद्धि-विवेक एक उन्मादी व्यक्ति के हाथों में गिरवी रख दिया था। ये लोग अंधों की तरह उस उन्मादी इंसान के पागलपन में भी अनुसरण करते थे।

ॲशेरो लिखते हैं: 'पाठक यह सवाल उठा सकते हैं कि क्या इससे (आत्महत्या के पूर्वाभ्यास) लोगों के मन में यह बात बैठ गई थी कि वास्तविक आत्महत्या के दिन भी केवल अभ्यास ही हो रहा था। वैसे बहुत सारे ऐसे संकेत थे, जो यह बताते थे कि सामूहिक आत्महत्या के मौके पर दिया जाने वाला जहर घातक था।' रेयान के दौरे

www.babaisraeli.com

ने आग में घी का काम किया। वहां बहुत से नए विद्रोही पैदा हो गए थे। कई रसोइयों को पहले के अभ्यासों में भाग न लेने की छूट दे दी गई थी, ताकि वे भोजन बना सकें। ये रसोइए भी बागी हो गए थे। जोन्स के भीतर गुस्सा और हताशा बढ़ रही थी और अनुयायियों के लिए इसका अनुमान लगाना भी कठिन था। अंत में, वह दिन भी आ गया, जब लोगों ने पहले बच्चे को अपनी आंखों के सामने मरते देखा। सदस्यों को गुमराह किया गया था, लेकिन वे इस बात से अनजान थे कि इस बार आत्महत्या का अभ्यास नहीं, बल्कि वास्तव में आत्महत्या होगी।'

ॲशेरो बताते हैं कि इन स्थितियों में लोग अपने कार्यों को उचित ठहराने के लिए तत्पर हो जाते हैं और विशेषत: उन हिंसक कार्यों में लिप्त होने को भी उचित बताने लगते हैं, जो वे अपने नेता के कहने पर करते हैं। वो कहते हैं, 'अपराध बोध को दूर करने के लिए स्वयं ही अपने अनुचित कार्य-व्यवहार को भी उचित ठहराने के प्रभाव का नाटकीय उदाहरण पीपुल्स टैम्पल में दिए जाने वाले शारीरिक दंड से जुड़ा हुआ है।' जैसा कि पहले चर्चा की गई थी कि पीटे जाने या अपमानित किए जाने का डर सदस्यों को जोन्स के आदेश का अनुपालन करने को विवश करता था। कोई मनुष्य तभी तक आज्ञा का पालन करेगा, जब तक उसमें डर हो और उसकी निगरानी की जा रही हो। किसी की मन:स्थिति को प्रभावित करने के लिए गंभीर के बजाय हल्का डर दिखाने की युक्ति अधिक कारगर पाई जाती है।[374]

इसका प्रभाव अधिक समय तक बना रहता है।[375] मनुष्य इस तरह के छोटे-मोटे बाह्य अवरोधों के प्रति अपने व्यवहार पर आरोप मढ़ना अधिक कठिन महसूस करता है। इस तरह वह अपने कार्य-व्यवहार को उचित ठहराने के लिए अपने व्यवहार को ही बदलने लगता है। गंभीर किस्म की धमकियां अनुपालन सुनिश्चित कराती हैं, पर जब उसे बाहर से थोपा जाता है तो ये सामान्यत: व्यवहार को भीतर से नहीं बदल पाती हैं। पर जब कोई बात किसी व्यक्ति पर इस तरह थोपी जाती है कि व्यक्ति को उसका पता न चले तो एक अलग तरह का प्रभाव निकलकर आता है। जब कोई व्यक्ति यह महसूस करता है कि उसके कार्य में उसकी सक्रिय भूमिका औरों को कष्ट देगी तो ऐसे में वह प्रेरणा तेजी से अपना काम करने लगती है, जिसमें वह अपनी क्रूरता को आवश्यक मानते हुए तर्कसंगत बताने लगता है अथवा पीड़ित के प्रति पूर्वाग्रह पालते हुए स्वयं को यह समझाने लगता है कि पीड़ित उस सजा का हकदार है।'[376]

